दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | सम्पादकः अमृतपाल सिंह | DAILY BHARAT DESH HAMARA NEW DELHI

पीआरजीआई ( आरएनआई ) रजि न. 57282/1994 वर्ष 30 अंक 157 नई दिल्ली रविवार 8 जून 2025 मूल्य एक रुपया कुल पृष्ठ: 8 फोन 97111 01161 ईमेल : bharatdeshdelhi@gmail.com


**हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग**

देहरादून 7 जून (निस) उत्तराखंड में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। यहां सड़क पर हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। जिस समय में ये लैंडिंग हुई तब हेलीकॉप्टर में कुछ लोग सवार थे। हालांकि वे सभी सुरक्षित है और पायलट को मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ जा रहा था।

**सोनिया गांधी की तबियत बिगड़ी**

शिमला 7 जून (निस) कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की तबीयत अचानक शिमला में बिगड़ गई। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें तुरंत इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला लाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी मेडिकल जांच शुरू कर दी है और एमआरआई स्कैन किया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

## महाराष्ट्र चुनाव में कथित धांधली को लेकर राहुल ने भाजपा व आयोग पर सवाल उठाए

### बिहार में वहीं खेल होने का शक जताया, भाजपा ने आरोप नकारे



नई दिल्ली 7 जून (निस) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर फिर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने एनडीए की जीत को लोकतंत्र में चोरी का ब्लूप्रिंट बताकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सुनियोजित चुनावी धांधली का आरोप लगा दिया है। राहुल गांधी ने 'मैच फिक्सिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से एक लेख को सोशल मीडिया पर साझा किया। उनका दावा है कि चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया से लेकर मतदाता सूची, मतदान प्रतिशत और वोटों की गिनती तक, हर स्तर पर हेरफेर हुई है।

राहुल गांधी ने लिखा कि 2023 में केंद्र द्वारा चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव कर निष्पक्षता को कमजोर कर दिया गया। पहले नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश होते थे, लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया है, जिससे आयोग की स्वायत्तता को ठेस पहुंची है। उनका आरोप है कि इस बदलाव के जरिए मोदी सरकार ने आयोग को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने महाराष्ट्र में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़ने और मतदाता सूची में असामान्य वृद्धि का आरोप भी लगाया। राहुल ने लिखा कि जहां 2019 से 2024 के बीच पांच सालों में 32 लाख नए वोटर जुड़े, वहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच सिर्फ पांच महीनों में 39 लाख नए वोटर जुड़े, जो 'सांख्यिकीय रूप से असंभव' है। उन्होंने मतदान प्रतिशत में अचानक वृद्धि पर भी सवाल खड़े कर दिए। उनके अनुसार, शाम 5 बजे तक 58.22 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, लेकिन अगली सुबह आंकड़ा 66.05 प्रतिशत तक पहुंच गय, जो कि 76 लाख अतिरिक्त वोटरों के बराबर है।

कामठी सीट का उदाहरण देकर बताया कि कांग्रेस के वोट जहां स्थिर रहे, वहीं भाजपा के वोटों में अचानक भारी वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब वोटिंग मशीनों की पारदर्शिता खत्म करके संभव हुआ, क्योंकि केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर इसतरह के नियम बनाए जिससे मतदान की वीडियोग्राफी और रिकॉर्ड तक विपक्ष की पहुंच रोक दी गई।

## नक्सलियों के खिलाफ जंग अंतिम दौर में, हम उनको सुधरने का मौका दे रहे-शाह

### बड़े नक्सली नेताओं का सफाया करने पर अधिकारियों की सराहना की, सरेंडर करें तो बेहतर



नई दिल्ली 7 जून (निस): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी, जिसके कारण शीर्ष नक्सल नेताओं को मार गिराया गया। शाह ने यह भी कहा कि वह सफल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों से मिलने जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा किहाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। मैं उन जवानों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं जिन्होंने अपनी बहादुरी से इन अभियानों को सफल बनाया और जल्द ही छत्तीसगढ़ जाकर उनसे मिलूंगा।

उन्होंने भारत को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के संकल्प को दोहराया। 6 जून को, मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नक्सलवाद को समाप्त करने केउद्देश्य से सफल अभियानों, आगे के रास्ते और राज्य के विकास पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पहुंचे। अपने दौरे के दौरान, सीएम साय ने गृह मंत्री शाह और अभियानों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी मुलाकात की। एक महीने से भी कम समय में, दो नक्सल विरोधी अभियानों ने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। 5 जून को, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक शीर्ष नक्सल नेता सुधाकर (उर्फ गौतम) का शव मिला है। 21 मई को, तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, बसव राजू का शव बरामद किया गया था। राजू केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य और सीपीआई (माओवादी) के महासचिव थे, जिन्हें व्यापक रूप से नक्सल आंदोलन की रीढ़ के रूप में जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, गौतम एक वरिष्ठ माओवादी नेता था जो कई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार था, जिसके परिणामस्वरूप कई निर्दोष आदिवासी नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई। उसकी मौत सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है और माओवादी नेतृत्व के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में। उसके मारे जाने से प्रतिबंधित और गैरकानूनी माओवादी संगठन की पहले से ही कमजोर होती ताकत को काफी झटका लगने की उम्मीद है। इससे पहले, सीएम साय ने ऐसे ऑपरेशनों को अंजाम देने वाले जवानों की बहादुरी के लिए उन्हें सलाम किया।

### जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्यवाही की गयी-प्रियांक

बेंगलुरु 7 जून (निस) कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ की घटना पर टिप्पणी कर कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया गया है और मामले की जांच के लिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। खड़गे ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। हमारी सरकार ने किसी को बलि का बकरा नहीं बनाया है। भाजपा की आलोचना का जवाब देकर खड़गे ने पलटवार कर कहा कि भाजपा चाहती है कि सीएम, डीसीएम और गृह मंत्री इस्तीफा दें, इसके हिसाब से, योगी आदित्यनाथ इस्तीफा दे, पहलगाम हमले के लिए अमित शाह इस्तीफा दे, विदेश नीति की विफलता के लिए एस जयशंकर को इस्तीफा और पूरे देश को गुमराह करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देना चाहिए।

### कोहली पर हमें गर्व, उनके खिलाफ शिकायत सस्ती लोकप्रियता-कांग्रेस

नई दिल्ली 7 जून (निस) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की ट्रॉफी जीतने के बाद आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली पर बेंगलुरु भगदड़ मामले में सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से शिकायत दर्ज करने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शिकायतकर्ता की इस हरकत को शर्मनाक करार दिया है। कांग्रेस सांसद तिवारी ने कहा कि कोहली पर हमें गर्व है। उन्होंने 18 साल तक कर्नाटक की टीम आरसीबी के लिए कड़ी मेहनत की।

## संविधानिक संस्थाओं से खुद को ऊपर समझता है गांधी परिवार, चुनाव प्रक्रिया पर संशय निराशा का प्रतीक-शहजाद पूनावाला




नई दिल्ली 7 जून (निस) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गांधी परिवार पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता ने वीडियो जारी कर कहा कि सेना, सांसदों और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना ही कांग्रेस पार्टी की पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब यह परिवार (गांधी परिवार) चुनाव जीत जाता है, तब इस परिवार के लिए चुनाव आयोग सही हो जाता है। लेकिन, जब ये लोग हार जाते हैं, तब आयोग खराब हो जाता हैं। जब कोर्ट की ओर इनके पक्ष में फैसला आता है, तब न्यायपालिका सही है। तब कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र सुरक्षित दिखाता है। लेकिन, जब परिस्थिति इनके विपरीत होती है। तब ये लोग हलमावर हो जाएंगे। भाजपा नेता पूनावाला ने कहा कि ऐसा करके यह परिवार खुद को लोकतंत्र से ऊपर दिखाने की कोशिश करता है, गांधी परिवार की इसतरह की हरकतों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। पूनावाला के अनुसार कांग्रेस को अपनी हार में ही गड़बड़ी दिखती है। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश में जीत मिली थी, कर्नाटक में जीत मिली, तब गांधी परिवार को चुनाव आयोग में कोई कमी नहीं दिखी, लेकिन जब राजनीतिक स्थिति बदली और इन्हें हरियाणा, महाराष्ट्र में हार का सामना करना पड़ा, तब इन लोगों को चुनाव आयोग में कमी दिखने लगी। आखिर इस तरह की राजनीतिक स्थिति को कैसे स्वीकार किया जा सकता है। यह इन लोगों का दोहरा पैमाना है। ऐसा करके यह लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को सिर्फ माहौल बनाना है। कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि आज जब परिवार चुनाव हारता है, तब लोकतंत्र खतरे में नजर आने लगता है और रही बात राहुल गांधी की, उन्हें मैं सिर्फ यही कहूंगा कि मेहरबानी करके हमें चुनाव आयोग पर ज्ञान दीजिए ही मत। जिन लोगों ने नवीन चावला जैसे लोगों को आयोग की कमान सौंपी थी, उन्हें लोकतंत्र के बारे में बोलने का नैतिक हक नहीं है।

## किसानों की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए सरकार हमेशा वचनबद्ध रही-पीएम मोदी



नई दिल्ली 7 जून (निस): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की अनेक पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमारे किसान भाई-बहनों को पहले जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं बीते 11 साल में हमारी सरकार के निर्णयों से उनका जीवन बहुत आसान हुआ है। पीएम किसान सम्मान निधि हो या फिर किसान फसल बीमा, हमने उनके कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। अब एमएसपी में निरंतर बढ़ोतरी से देश के अन्नदाताओं को ना सिर्फ फसलों की उचित कीमत मिल रही है, बल्कि उनकी आय भी बढ़ रही है। मोदी ने कहा कि हमारे मेहनती किसानों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है। पिछले 11 वर्षों में, हमारी विभिन्न पहलों ने किसानों की समृद्धि को बढ़ावा दिया है और कृषि क्षेत्र में समग्र परिवर्तन सुनिश्चित किया है। हमने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत फायदेमंद रहे हैं। आने वाले समय में किसान कल्याण के लिए हमारे प्रयास और अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे। नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा पहुंचेंगे और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में हिस्सा लेंगे। यहां एक वरिष्ठ मंत्री ने शनिवार को यह जानकारी दी।

### भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, ब्रिटिश विदेश मंत्री से जयशंकर ने कहा



नई दिल्ली 7 जून (निस) भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा है, उम्मीद है कि हमारे साझेदार हमारी इस बात को समझे। यह बात भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ब्रिटिश विदेश मंत्री के साथ बातचीत के दौरान कही। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन करने के लिए ब्रिटेन को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री ने दो टूक कहा कि भारत कभी भी इस बात का समर्थन नहीं करेगा कि अपराध करने वालों को पीड़ितों के समान रखा जाए। साथ ही जयशंकर ने हाल में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, दोहरा अंशदान समझौता को मील का पत्थर बताया। गौरतलब है कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी व्यापार के साथ-साथ रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए शनिवार को भारत की दो-दिवसीय यात्रा पर आए हैं। लैमी ने अपने भारतीय समकक्ष जयशंकर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत की। जानकारी के मुताबिक ब्रिटिश विदेश मंत्री से बातचीत के दौरान पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से फैलाए जा रहे आतंकवाद पर भी बात हुई। बता दें कि पिछले महीने भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के दौरान ब्रिटेन दोनों देशों के संपर्क में था।

## अमृतसर में अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, छह विदेशी पिस्तोल सहित तीन गिरफ्तार



चंडीगढ़/अमृतसर, 7 जून (निस) मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर, पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत, अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता दर्ज की गई है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) बॉर्डर रेंज अमृतसर ने जेल में बंद सरगना जुगराज सिंह के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से छह आधुनिक विदेशी हथियार बरामद किए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के भगतांवाला गेट निवासी राजन, अमृतसर के घन्नूपुर के हीर हाल निवासी परमजीत सिंह, और अमृतसर के नारायणगढ़ निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है।

बरामद किए गए हथियारों में दो ग्लॉक 19एक्स पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), दो .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित), एक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल और एक बरेटा .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीमों ने उनका बिना नंबर प्लेट वाला यामाहा आर15 मोटर **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### बाल-बाल बचे तेजस्वी यादव, काफिले में घुसा ट्रक-तीन सुरक्षाकर्मी घायल



हाजीपुर 7 जून (निस) आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के काफिले में शुक्रवार आधी रात के बाद हादसा हो गया। वैशाली जिले के एनएच 22 पर गोरौल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक उनके काफिले में घुस गया। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। गनीमत रही कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी बाल-बाल बच गए। वे महज 5 फीट की दूरी पर खड़े हुए थे। हादसा रात 2 बजे हुआ। तेजस्वी मधेपुरा में कार्यक्रम कर पटना लौट रहे थे। तेजस्वी ने बताया कि यह हादसा ठीक उनके सामने हुआ। वहां जो सुरक्षाकर्मी खड़े थे, उनके पास गाड़ी आ गई। उन्होंने कहा कि वह महज 5 फीट की दूरी पर खड़े थे। अगर थोड़ा-सा भी अनियंत्रित होता तो हम लोगों को भी टक्कर लगती। हादसे के तुरंत बाद प्रशासन के लोगों को उन्होंने फोन किया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। स्कॉड के गाड़ी से घायलों को अस्पताल में भिजवाया।

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव को लेकर कांग्रेसी नेताओं में मतभेद, भ्रष्टाचार का मुद्दा भुनाने में रहे नाकाम

## वड़िंग-बाजवा बनाम चन्नी-राणा के बीच चले खुलेआम संघर्ष से प्रदेश लीडरशिप विभाजन के कगार पर



जालंधर 7 जून (निस) पंजाब में कांग्रेस पार्टी जहां एक ओर लुधियाना (पश्चिम) विधानसभा उपचुनाव के लिए पूरे जोश के साथ तैयारियों में जुटी है, वहीं दूसरी ओर पार्टी जालंधर में पार्टी भीतर से बिखरती नजर आ रही है। जिले में पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच बढ़ते ध्रुवीकरण ने कांग्रेस को दो गुटों में विभाजित कर दिया है। इस मतभेद का असर केवल संगठनात्मक ढांचे पर ही नहीं, बल्कि पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, विशेषकर संविधान बचाओ रैली जैसी पहलों पर भी स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। जालंधर जिला की ही बात करें तो 9 विधानसभा हलकों से संबंधित विधायक और हलका इंचार्ज चाहें पिछले समय दौरान हरेक कार्यक्रम में एकजुट रहने का दावा करते आ रहे है, परंतु अब प्रदेश लीडरशिप में वड़िंग-बाजवा बनाम चन्नी-राणा गुट में शुरू हुए खुले संघर्ष से बने नए समीकरणों के कारण जिला स्तर पर भी गुटबाजी उभर गई है। लोकल लीडरशिप के गॉडफादर माने जाते वरिष्ठ नेताओं में जहां अब तलवारें खिंच गई है, वहीं लोकल लीडरशिप के लिए भी आपसी संतुलन बनाना बेहद मुश्किलों भरा होगा।

विक्रमजीत चौधरी की वापसी से और गहराया मतभेद-पिछले दिनों लुधियाना के दाखा में आयोजित कांग्रेस की एक रैली में फिल्लौर के विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी का औपचारिक स्वागत किया गया। उनकी निलंबन रद्द होने के बाद यह पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसमें उन्हें पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने का संकेत मिला। यह रैली पीपीसीसी अध्यक्ष राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। विक्रमजीत सिंह चौधरी की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि वह वड़िंग-बाजवा गुट के साथ हैं। विक्रमजीत वही विधायक हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनावों के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की उम्मीदवारी का खुलकर विरोध किया था। उनकी बहाली और खुली भागीदारी ने जालंधर में पहले से चल रही गुटबाजी को और अधिक तीखा बना दिया है। जालंधर में 'संविधान बचाओ रैली' पर खतरे के बादल-कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ अभियान के तहत जालंधर में एक जिला स्तरीय रैली का आयोजन 18 मई को 66 फीट रोड स्थित व्हाइट डायमंड रिसॉर्ट में किया जाना था। इस रैली में जिले के सभी 9 विधानसभा हलकों के नेता और कार्यकर्ता एक मंच पर आने वाले थे। लेकिन भारत सरकार द्वारा 'ऑपरेशन सि?दूर' शुरू किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों से यह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। अब जबकि पार्टी इस रैली के लिए नई तारीख तय करने की तैयारी में है, वहीं जालंधर में दो गुटों के बीच बढ़ते मतभेद इसे फाईनल नहीं होने नहीं दे रहे। जिला के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, एकमत की कमी के चलते रैली की नई तारीख और उसके स्वरूप पर सहमति बनाना मुश्किल हो गया है।

**स्थानीय नेता कांग्रेस दो ध्रुव वड़िंग-बाजवा बनाम चन्नी-राणा के इर्द-गिर्द घूम रहे**

कांग्रेस के भीतर जारी गुटबाजी के चलते स्थानीय नेता दो बड़े ध्रुवों के इर्द-गिर्द घूम रही हैं। एक तरफ पीपीसीसी अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और विपक्ष के नेता प्रताप बाजवा का गुट है, तो दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद चरणजीत सिंह चन्नी और कपूरथला से विधायक राणा गुरजीत सिंह का गुट है। इन दोनों गुटों के बीच टकराव लुधियाना उपचुनाव के दौरान और भी स्पष्ट हो गया है। स्थानीय नेता भी **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार का सोचा जनहितों को नजरअंदाज किया-सैनी



चंडीगढ़,7 जून (अमृतपाल सिंह): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस देश की असली ताकत हमारे गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यही लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए आम जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी की और अब जनता ने उन्हें शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री आज यहां संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डीएससी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और डीएससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए भी निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को योद्धा बताते हुए कहा कि समाज ने जो यह सम्मान की पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, यह सम्मान समाज का है और मैं इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि आज डीएससी को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद डीएससी समाज के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां सशक्त और मजबूत होंगी।

**कांग्रेस ने डॉ. भीम राव अंबेडकर को नहीं दिया सम्मान** – मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र को प्रदान किया, आज हमारे लोकतंत्र की मूल आत्मा है। इस पवित्र संविधान के कारण ही देश को एक लोकतांत्रिक व्यवस्था मिली, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और न्यायपालिका मजबूती से कार्य कर रहे हैं। संसद के भीतर अध्यक्ष भी इसी संविधान की देन है, लेकिन दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी ने डॉ. अंबेडकर को कभी सम्मान नहीं दिया और आज भी कांग्रेस पार्टी जब राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद या न्यायपालिका पर टिप्पणियां करती है तो यह सिर्फ इनका नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

# सम्पादकीय

## सोवियत रूस की राह चला अमेरिका, कर्ज लेकर घी पी रहे हैं ट्रंप

अमेरिका का आर्थिक संकट दिनों दिन गहराता ही जा रहा है। अमेरिका के ऊपर 36 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो चुका है जो अमेरिका की जीडीपी के मुकाबले 122 फ़ीसदी को पार करने जा रहा है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अहंकार के चलते सारी दुनिया को जीतने और सारी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करने के लिए जो टैरिफ बार शुरू किया था उस टैरिफ बार मकड़ जाल में वह स्वयं फंसकर रह गए हैं। कैसे बाहर निकलेंगे उन्हें पता नहीं टेस्ला कंपनी के एलन मस्क ने अरबों रुपए खर्च करके डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव जितवाने में मदद की थी वही डोनाल्ड ट्रंप अब एलन मस्क से इतने नाराज हैं। उसकी मदद करना तो दूर जो सब्सिडी उसे अभी तक मिल रही थी उसे भी बंद करने जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप को कोई आदमी उनका विरोध करें यह उन्हें जरा भी पसंद नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अहंकार के मद में चूर हैं। कर्ज पर कर्ज लेते चले जा रहे हैं। सारी दुनिया के देश को धमका रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता था कि अमेरिका के बिना दुनिया का कोई भी काम या दुनिया का कोई भी व्यापार संभव नहीं होगा लेकिन उसके इस अहंकार पर चीन ने सबसे ज्यादा चोट की है। चीन के सामने अमेरिका घिगयाने के लिए विवश हुआ है। चीन के जवाबी हमले ने ट्रंप के सारे कस और बल को निकाल दिया है। दुनिया में ट्रंप अब कमजोर राष्ट्रपति के रूप में देखे जा रहे हैं। जिस तरह से अमेरिका में महंगाई और मंडी बढ़ती चली जा रही है। 2025 की विकास दर 2.0 से घटकर 1.4 फ़ीसदी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिका में कर्ज और उसके ब्याज का बोझ जिस तरह कैसे बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने की स्थान पर जो तुगलकी फरमान डोनाल्ड ट्रंप जारी कर रहे हैं। उसको देखते हुए अब सारे विश्व में यह कहा जाने लगा है। जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन 1990 के दशक में हुआ था लगभग वही हालत 2025 में अमेरिका की देखने को मिलने लगी है। जिस तरह से एक-एक करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विशेषज्ञों के साथ अपनी दुनिया बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में जो गड्ढा वह दूसरों के लिए खोद रहे थे अब उसी गड्ढे में वह स्वयं गिरते चले जा रहे हैं। यह धारणा सारी दुनिया के देशों में बनने लगी है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में जिस तरह से दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप को खरी खरी सुनाकर चले जाते हैं और अमेरिका उनका कुछ नहीं कर पाता है। अमेरिका के बढ़ते कर्ज पर जिस तरीके से शेयर बाजार वालस्ट्रीट और अन्य आर्थिक विशेषज्ञ अमेरिका के लिए कर्ज को खतरे की घंटी बता रहे हैं। यदि इस पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी अमेरिका में एक ऐसी स्थिति खड़ी हो सकती है। इसके बारे में अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की थी अमेरिका एक संघीय देश है। राज्यों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनको अनदेखा करते हुए जिस तरह की दादागिरी कर रहे हैं। उसके बाद यह बार-बार कहा जाने लगा है की जो सोवियत रूस का हुआ था यदि वही अमेरिका के साथ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं करना चाहिए 100 वर्ष के इतिहास में अमेरिका सबसे ज्यादा मुसीबत के दौर से गुजर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप इस स्थिति में सबसे खतरनाक व्यक्ति साबित हो रहे हैं। अमेरिका यदि कमजोर होता है तो वैश्विक स्तर पर अराजकता बढ़ेगी सारी दुनिया में अशांति होगी सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकती है। इस आसन का को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक बड़ी चिंता देखी जा रही है। भारत भी इस चिंता से दूर नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो तनाव बना है। इसका लाभ चीन और भारत के पड़ोसी देश उठा रहे हैं। चीन उनकी दोनों हाथों से मदद कर रहा है। उन्हें सैन्य हथियारों से लेकर अन्य आर्थिक मदद दी जा रही है। चीन की जो गतिविधियां हैं। वह भारत को कमजोर करने वाली हैं। भारत आज सारी दुनिया के देशों में अलग-अलग पड़ता चला जा रहा है। भारत के लिए भी यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है। कर्ज की इकोनॉमी से जब अमेरिका जैसा देश विघटन के दौर में पहुंच सकता है, तब आसानी से कल्पना की जा सकती है कि भारत के ऊपर जो कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। वह भारत को कौन सी दिशा और दशा होगी इसको लेकर भारत की चिंता भी अब देखने को मिलने लगी है।

### इच्छाएं जीवात्मा को मोह से बांधे रखती हैं

इंद्रियां, मन और बुद्धि काम-वासना के निवास-स्थान कहे जाते हैं। इनके द्वारा ज्ञान को ढककर काम-वासना जीवात्मा को मोहित करती है। कामरूपी दुश्मन का नाश करने के लिए यह पता होना ज़रूरी है कि यह रहता कहां है। इसलिए कृष्ण कह रहे हैं कि काम-वासना किसी एक जगह नहीं रहती, बल्कि यह तो हमारे तीनों शरीरों- स्थूल, सूक्ष्म और कारण में निवास करती है। इसकी पकड़ बड़ी मज़बूत होती है, इसलिए इसका नाश करना बड़ा मुश्किल है। मिसाल के तौर पर जब काम-वासना इन्द्रियों में जगती है, तब इन्द्रियां बेकाबू हो जाती हैं। जब यह मन में जगती है तो दूसरे काम करते हुए भी मन में काम-वासना के बारे में ही ख्याल चलते रहते हैं। ऐसे वक्ति में दिमाग में केवल काम ही भरी रहती है और बुद्धि दूसरा निर्णय नहीं ले पाती। इसलिए हमारी चेतना की मुख्य जगहों इन्द्रियों, मन और बुद्धि में जैसे ही काम अपना बसेरा डालता है, वहां से ज्ञान गायब हो जाता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों में भी जब काम उपजता है तो वह उनके ज्ञान को ढक लेता है। काम का मतलब यहां केवल काम-वासना से ही नहीं, बल्कि हमारी अन्य कामनाओं से भी है। कामनाएं या इच्छाएं जीवन भर इंसान का पीछा नहीं छोड़तीं और इस वजह से जीवात्मा का संसार को लेकर मोह बना रहता है।

# बंगलौर स्टेडियम भगदड़ः आखिर गलतियों से कब सीखेंगे

**– ललित गर्ग**

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है। क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम



देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षा कर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकर्ताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियाँ, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके।

# आतंकवाद के वित्त पोषण पर सख्त रोक लगानी जरुरी

**– सुरेश हिंदुस्तानी**

आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश पाकिस्तान की असलियत को उजागर करने के लिए भारत ने बहुत बड़े रणनीतिक स्तर पर कार्य किया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान केवल तीन ऐसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा है, जो उसे पहले से ही समर्थन कर रहे थे। वहीं भारत ने इससे आगे बढ़कर वैश्विक समुदाय के समक्ष पाकिस्तान को आतंकियों को संरक्षण देने वाला देश बताने में कोई संकोच नहीं किया। भारत ने विश्व के तमाम देशों में अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर भारत का पक्ष रखकर यह बताने का प्रयास किया है कि आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। इसके विपरीत भारत की ओर से केवल जवाबी कार्यवाही ही की गई है, जिसका भारत को पूरा अधिकार है। भारत के प्रतिनिधि मंडलों की ओर से इस सच को दुनिया को बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया गया, बल्कि आतंकवाद पर प्रहार किया गया। इसी बात पर भारत को विश्व समुदाय का समर्थन भी मिल रहा है। सबसे ख़ास बात यह है पाकिस्तान में जहां अपनी ही सरकार विपक्ष के निशाने पर है, वहीं भारत सरकार ने अपनी कूटनीतिक चाल चलते हुए इन प्रतिनिधि मण्डलों में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही विपक्ष के कई प्रभावी नेताओं को शामिल किया है। यही नेता विश्व के देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं। इससे स्वाभाविक रूप से विश्व बिरादरी से पाकिस्तान पर अलग थलग होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है। यह बात सही है कि पाकिस्तान में आश्रय और संरक्षण प्राप्त करने वाले आतंकी आकाओं को आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए वित्त पोषण प्राप्त होता रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंक को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि आतंकवादियों को जब तक वित्त पोषित कया जाता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाने वालों पर अंकुश लगाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सबसे पहले उसके वित्त पोषण पर रोक लगाना बहुत जरूरी है।

यहां यह कहना बहुत आवश्यक है



कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाकर समर्थन पाने का प्रयास कर रहा है, वहीं भारत की ओर से पाकिस्तान को अलग थलग करने का ठोस प्रयास भी किया जा रहा है। जिसमें भारत का बहुत हद तक सफलता भी मिल रही है। आज के समय में पाकिस्तान इस बात को नकारने का साहस नहीं कर सकता कि उसके देश में आतंकवादी संगठन सक्रिय नहीं हैं। क्योंकि यह तथ्य विश्व के सामने उजागर हो चुका है। आज भी पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा, लश्कर ए ओमर, जैश ए मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह ए सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियाँ चलाते हैं। कई मामलों में आईएसआई से इन्हें सक्रिय प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी मिलते हैं। इतना ही नहीं कई बार सेना और सरकार का भी खुला संरक्षण भी इनको मिलता रहा है। पाकिस्तान सरकार की मानें तो उसके यहां 20 से अधिक आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस संख्या को 150 से अधिक तक बताता है। वहीं, अमेरिकी स्टेट डिमार्टमेंट के मुताबिक यह संख्या 70 से अधिक है। वैश्विक समुदाय के दबाव में पाकिस्तान कई बार आतंकी समूहों के विरोध में कार्यवाही करने की बात करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और राज्य सरकारों की ओर से आतंकी संगठनों को खाद पानी प्राप्त होता रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद की जड़ें बहुत ही गहरी हैं। वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की वास्तविकता बताने के लिए भारत की ओर से ठोस रणनीति बनाकर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। जहां पाकिस्तान सरकार को अपने ही देश के विपक्षी दलों के कोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत सरकार के साथ विपक्ष के सांसदों ने पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सामूहिक वैश्विक अभियान चलाया है। इससे पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पाकिस्तान एक बार फिर से ग्रे सूची में नहीं आ जाए। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की तसवीर यही चित्र प्रदर्शित कर रही है। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान में अब इतना साहस नहीं है कि वह विश्व के आर्थिक प्रतिबंधों को झेल सके। इसमें पाकिस्तान में आतंरिक विरोधाभास आग में घी डालने का कार्य कर रहा है। ब्लूचिस्तान में पाकिस्तान से अलग होने के लिए चल रहे आंदोलन में और तेजी आई है। इतना ही नहीं बीएलए ने तो कई कदम आगे बढ़कर अपने आपको स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। ब्लूचिस्तान का यह कदम पाकिस्तान को बहुत कमजोर करने वाला है।



पाकिस्तान के बारे में यह आम धारणा निर्मित हो चुकी है कि वह आतंकवाद को बढ़ावा देता है। इसके अलावा यहां पर आतंकवादी संगठनों को वित्त पोषित भी किया जाता है। कई देश आतंकवाद को समाप्त करने के लिए आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब तक आतंकवाद को वित्त पोषित किया जाता रहेगा, तब तक उसे समाप्त करना कठिन है। इसलिए सबसे पहले आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

# आदिवासियत का विस्तार है गांधी का ग्राम स्वराज

**– सुधीर पाल**

जब महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की बात की थी, तो उनका सपना केवल प्रशासन के विकेंद्रीकरण तक सीमित नहीं था। वे एक ऐसी ग्राम-व्यवस्था की परिकल्पना कर रहे थे, जहाँ सत्ता, संस्कृति और समाज की जड़ें गहराई तक मिट्टी से जुड़ी हों। जहाँ आत्मनिर्भरता जीवन का मूलमंत्र हो, सामाजिक न्याय व्यवहार का आधार बने और लोकतंत्र का स्वरूप सबसे नीचे से शुरू होकर ऊपर तक विस्तृत हो। गांधी के लिए ग्राम स्वराज सत्ता का ढाँचा नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन-दर्शन था। वे चाहते थे कि भारत का हर गाँव एक स्वतंत्र गणराज्य की तरह कार्य करे—जहाँ हर नागरिक का मत मायने रखे, हर व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सामूहिक सहयोग और स्वाभिमान से कर सके, और हर गाँव अपने संसाधनों, संस्कृति और निर्णयों में आत्मनिर्भर हो।

परंतु जब हम भारत के आदिवासी बहुल इलाकों की तरफ देखते हैं—झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की पहाड़ियों की ओर—तो पाते हैं कि गांधी जिस आदर्श गाँव की बात कर रहे थे, वह यहाँ पहले से अस्तित्व में था। आदिवासी समाजों में ग्राम ही सर्वोच्च इकाई रही है। गाँव केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक इकाई होता है। इन समाजों में निर्णय ग्रामसभा द्वारा लिए जाते हैं, जहाँ सभी वयस्क पुरुष और महिलाएँ भाग लेते हैं। कोई भी बड़ा फैसला—जैसे कि विवाह का अनुमोदन, भूमि विवाद का निपटारा, या जंगल के उपयोग की अनुमति—ग्रामसभा के विचार-विमर्श और सामूहिक सहमति से होता है। अर्थव्यवस्था भी यहाँ निजी स्वामित्व पर नहीं, बल्कि सामूहिक श्रम और साझी संपत्ति पर आधारित रही है। खेतों की जोताई, बीज बोने, फसल काटने और भंडारण तक की प्रक्रिया में पूरा गाँव सहभागी होता है। उत्पादन का वितरण भी सामूहिक होता है। जल, जंगल और जमीन को समाज की साझा संपत्ति माना जाता है, जिस पर हर व्यक्ति का समान हक होता है। कोई व्यक्ति या परिवार इन संसाधनों पर निजी स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता। यह दृष्टिकोण गांधी की उस कल्पना से मेल खाता है जिसमें उन्होंने निजी संपत्ति की बजाय ट्रस्टीशिप का सिद्धांत दिया था।संस्कृति आदिवासी समाजों की आत्मा है। यह कोई जड़ या बीते हुए समय की वस्तु नहीं, बल्कि आज भी जीवंत और क्रियाशील है। गीत, गाथाएँ, नृत्य, त्योहार और अनुष्ठान केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन, ज्ञान के संप्रेषण और सामूहिक चेतना के वाहक हैं। संस्कृति का यह जीवंत स्वरूप ग्राम समाज को एकजुट रखता है, नई पीढ़ी को मूल्य देता है और गाँव की स्मृति को पीढ़ियों तक संजोए रखता है। गांधी भी मानते थे कि किसी भी समाज की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है, और जब तक वह संस्कृति जीवित है, समाज की चेतना भी जीवित रहती है। औपनिवेशिक शासन ने इस ग्राम स्वराज की आत्मा को खंडित करने का प्रयास किया। 1793 के स्थायी बंदोबस्त से लेकर 1865 के वन अधिनियम और फिर 1871 के आपराधिक जनजाति कानून तक, आदिवासी समाजों के सामूहिक ढांचे को विध्वंसित करने की कोशिशें होती रहीं। जंगलों पर से उनका अधिकार छीना गया, भूमि को राजस्व की वस्तु बना दिया गया और परंपरागत नेतृत्व को अवैध घोषित कर दिया गया। परंतु यह समूची प्रक्रिया ग्रामसभा और समाज की जड़ों को पूरी तरह मिटा नहीं सकी। वे मौन रहीं, किन्तु जीवित रहीं।

स्वतंत्र भारत में गांधी के ग्राम स्वराज का अनुवाद पंचायती राज व्यवस्था के रूप में हुआ। परंतु यह व्यवस्था गांधी की कल्पना से काफी भिन्न थी। इसमें सत्ता का प्रवाह ऊपर से नीचे की ओर होता है, जबकि गांधी चाहते थे कि निर्णय नीचे से ऊपर की ओर आएं। संविधान की पाँचवीं अनुसूची, 1996 का पेसा कानून और 2006 का वन अधिकार अधिनियम ऐसे प्रयास थे जो आदिवासी ग्राम स्वराज को वैधानिक मान्यता देते हैं, परंतु इनका क्रियान्वयन अभी तक अधूरा और इच्छाशक्ति से विहीन है। ग्रामसभा को केवल सलाहकार संस्था मान लिया गया, जबकि उसे विधायी शक्तियाँ मिलनी चाहिए थीं।

गांधी का ग्राम स्वराज केवल पंचायतों या चुनावों का ढाँचा नहीं था। उनके लिए यह एक दर्शन था—संपूर्णता का दर्शन। उनका कहना था—गाँव को ऐसा बनाना है कि वह स्वयं एक छोटा गणराज्य हो, जिसमें पूर्ण स्वराज्य की अनुभूति हो।गांधी के ग्राम स्वराज के मूल तत्व—आत्मनिर्भरता, सामूहिकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, संवाद पर आधारित निर्णय और हिंसा से परहेज़—ये सभी आदिवासी समाज की रचनात्मक बुनियाद में पहले से मौजूद हैं। इस संगति को पहचानना, गांधी के विचारों को नयी जमीन देना है—जो न केवल आदिवासी भारत को सम्मान देता है, बल्कि शेष भारत को भी एक नया मार्ग सुझाता है।गाँव खुद अपने अनाज, कपड़े, शिक्षा, और बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करे।जाति, लिंग, धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न हो।अहिंसा और संवाद- निर्णय सहमति और संवाद से हो, हिंसा और दमन से नहीं।

## दिल्ली में चलती डीटीसी बस के सामने खतरनाक स्टंट बाइक सवार पर पुलिस की कार्रवाई

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने डीटीसी बस के आगे खतरनाक तरीके से जिग-जैग स्टंट करने वाले बाइक सवार की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बाइक 15 साल पुरानी थी, जिसे तुरंत स्क्रैप के लिए भेज दिया गया और बाइक सवार के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई एक इंस्टाग्राम वीडियो के आधार पर की गई, जिसमें वह बाइक सवार एक चलती हुई डीटीसी बस के सामने जानलेवा स्टंट करता दिख रहा था। ईस्टर्न रेंज के डीसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिस को एक वीडियो मिली थी। वीडियो में दिखाई दे रहा था बाइक सवार तेज रफ्तार में लापरवाही से चलती हुई डीटीसी बस के आगे जिग-जैग तरीके से स्टंट कर रहा था। जिससे उसकी जान के साथ-साथ अन्य सड़क पर चलने वाले और लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई थी।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी और साइकिल में मारी टक्कर एक युवक की मौत

नई दिल्ली 7 जून (निस) केशवपुरम थाना क्षेत्र में सुबह स्कूटी सवार दो किशोर और साइकिल सवार एक शख्स को आज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि स्कूटी सवार दोनों किशोर को सिर में गंभीर चोट लगी है। जिन्हें पास के ही दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आज्ञात वाहनों का पता लगा रही है। वहीं, घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि यह हादसा स्कूटी और साइकिल के टक्कर से हुई है। उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह 06ः03 बजे केशवपुरम थाना पुलिस को केशवपुरम मेट्रो स्टेशन के पास दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने पर पता चला कि तीन लोग घायल हैं, जिन्हें पीसीआर द्वारा दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दिल्ली में देर रात पुलिस और बदमाश के बीच खूब चली गोलियां

नई दिल्ली 7 जून (निस) बीआरटी कॉरिडोर स्थित सीएनजी पंप के पास बुधवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बाइक सवार दो बदमाश घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में घायल दोनों आरोपित छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास 15 मई को दिनदहाड़े हुई आया नगर निवासी अरुण लोहिया हत्याकांड में शामिल थे। पुलिस के अनुसार पुलिस को दोनों बदमाशों के वहां आने की सूचना मिली थी। रात को दोनों आरोपित बाइक पर सवार होकर वहां से गुजर रहे थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। खुद को फंसता देख आरोपितों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

## अरुण लोहिया हत्याकांड के आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

नई दिल्ली 7 जून (निस) पुलिस ने अरुण लोहिया हत्याकांड को अंजाम देने वाले बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इनमें से दो शूटर मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाशों से वारदात में इस्तेमाल बाइक, चीनी आटोमेटिक पिस्टल सहित तीन अन्य पिस्टल, 12 कारतूस और छह खोखे बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि बदमाशों की पहचान आया नगर निवासी दीपक, योगेश व अजय के रूप में हुई है। शूटर योगेश पर चार व दीपक पर आर्म्स एक्ट समेत दो मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस बुधवार रात को चिराग दिल्ली-खानपुर स्ट्रेच (पुराना बीआरटी) के पास गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि अरुण लोहिया हत्याकांड के आरोपित आने वाले हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के करीब पांच बजे एक बाइक पर दो संदिग्ध आते हुए देखे।

## दिल्ली में चाकू से बेरहमी से हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली 7 जून (निस) कोटला मुबारकपुर में हत्या के प्रयास के मामले में शामिल दो बदमाश को क्राइम ब्रांच ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। दो जून की सुबह पार्क जाने के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर आशीष नाम के युवक पर चाकू के कई वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। घटना में घायल आशीष की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों के नाम तनिश (ईस्ट किदवई नगर) और मनीष (पिलंजी, कोटला मुबारकपुर) है। उन्हें सफदरजंग अस्पताल बस स्टॉप के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अगले 4-5 दिन कनॉट प्लेस से इस मार्ग तक रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

नई दिल्ली 7 जून (निस) सिविक एजेंसी द्वारा सड़क मरम्मत कार्य के चलते आउटर कनाट सर्कल से पंचकुइयां मार्ग की ओर जाने वाले कैरिजवे पर अगले 4-5 दिनों तक यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। इस कारण वाहनों को पंचकुइयां रोड और बंगला लेन क्रॉसिंग पर डायवर्ट किया गया है। डायवर्जन के तहत वाहन अब विपरीत दिशा के कैरिजवे से आउटर कनाट सर्कल तक जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यात्रा की योजना पहले से बनाकर निकलें।

## दिल्ली पुलिस ने इतने अवैध विदेशियों को वापस भेजा

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ मई और जून में कड़ा एक्शन लिया। द्वारका जिला पुलिस ने मई में 71 विदेशियों को डिपोर्ट किया, जिनमें 47 बांग्लादेशी, 17 म्यांमार के रोहिंग्या और 7 नाइजीरियाई शामिल हैं। इसके अलावा, नॉर्थ-वेस्ट और शाहदरा जिला पुलिस ने भी बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। द्वारका जिला पुलिस ने मई में अवैध रूप से रह रहे 71 विदेशियों को पकड़कर डिपोर्टेशन के लिए भेजा। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इन विदेशियों के पास वैध वीजा नहीं था। पुलिस की स्पेशल स्टाफ, उत्तम नगर थाना, एंटी-नारकोटिक्स सेल, छावला थाना और एएटीएस की टीमें इस ऑपरेशन में शामिल थीं। पकड़े गए विदेशियों को फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एफआरआरओ) के सामने पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें डिटेंशन सेंटर भेजा गया। 2 जून को नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली पुलिस ने भारत नगर थाना क्षेत्र में 18 बांग्लादेशी नागरिकों को धर दबोचा। खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किए गए इस ऑपरेशन में पुलिस ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में तलाशी ली। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि 36 फुटपाथों और 45 गलियों को खंगाला गया।

# गौ तस्करी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, सुरेंद्र वर्मा ने कहा - भाजपा सरकार नाकाम

रायपुर 7 जून (निस) छत्तीसगढ़ में गौ तस्करी और गोवंश संरक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार गौ तस्करी रोकने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल गौ सेवा की बातें करती है, जबकि धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। वर्मा ने आरोप लगाया कि पिछले 17 महीनों में छत्तीसगढ़ में गौ तस्करी और गौ वध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि हाईवे पर मौजूद टोल नाकों और पुलिस चेक पोस्ट को पार करते हुए मवेशियों से भरे कंटेनर बेरोकटोक निकल रहे हैं, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गौ रक्षा के लिए गौठान जैसी योजनाएं शुरू की थीं, जिन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया, जिससे आवारा पशुओं की संख्या और तस्करी की घटनाएं बढ़ीं। सुरेंद्र वर्मा ने यह भी बताया कि हाल के महीनों में जितने भी गौ तस्करी के मामले उजागर हुए, उनमें स्थानीय गौसेवकों की तत्परता से ही कार्रवाई हो पाई है, न कि प्रशासन की पहल से। प्रवक्ता वर्मा ने गृहमंत्री और उपमुख्यमंत्री के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने 'गौ सेवक कार्ड' जारी करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यह बयान इस बात का प्रमाण है कि सरकार मान चुकी है कि वह तस्करी रोकने में खुद को सक्षम नहीं मानती। सुरेंद्र वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि जुलाई 2024 में राज्य सरकार ने ऐसे नियम बनाए जिनके तहत शुल्क लेकर गौ परिवहन की अनुमति दी जा सकती है। उन्होंने इसे सरकारी वसूली का साधन करार दिया और कहा कि इससे सरकार की मंशा स्पष्ट होती है कि वह तस्करी रोकने के बजाय उसे नियंत्रित कर राजस्व लेना चाहती है। प्रवक्ता ने यह भी दावा किया कि इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले में यह सामने आया है कि कुछ बीफ उत्पादक कंपनियों से भाजपा को भारी मात्रा में चंदा मिला है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि गोवंश का विदेशों में निर्यात भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रहा है। वर्मा ने अंत में कहा कि यदि गृह मंत्री गो-तस्करी रोक पाने में स्वयं को असमर्थ मानते हैं, तो उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

ठेका निरस्त करने का मिला आश्वासन-डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकाहारा) सहित प्रदेश के अन्य शासकीय अस्पतालों में कार्यरत कॉल मी सर्विस के खिलाफ विरोध की आवाज़ तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल से मुलाकात कर सेवा प्रदाता कंपनी का ठेका निरस्त करने की मांग की। संघ ने मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि कॉल मी सर्विस कंपनी न सिर्फ शासन को आर्थिक नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि सफाई एवं सुरक्षा कर्मियों का भी शोषण कर रही है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि कंपनी के सुपरवाइजर और बाउंसरों द्वारा अस्पताल कर्मचारियों और पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, जिससे मेकाहारा में भय और असंतोष का माहौल है।प्रांतीय सचिव चेतन सिन्हा ने बताया कि कंपनी ने वर्षों से अस्पताल प्रशासन से मिलीभगत कर ठेका प्राप्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के साथ दुव्यवहार, काम का दबाव और पत्रकारों से अभद्रता जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मेकाहारा में कॉल मी सर्विस का ठेका शीघ्र ही निरस्त किया जाएगा और नए सेवा प्रदाता के चयन पर विचार किया जा रहा है। संघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप बोगी (कार्यकारी प्रांताध्यक्ष), एसपी देवांगन (महामंत्री), एसएस सोनी (अध्यक्ष, नेत्र सहायक प्रकोष्ठ), चेतन सिन्हा (प्रांतीय सचिव), नरेन्द्र पटेल, कमल चंद्राकर, खोमन पटेल, एलपी बनर्जी सहित कई कर्मचारी शामिल रहे। पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी-विश्व पर्यावरण दिवस पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने संगोष्ठी का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड 3 खजरी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में यह आयोजन हुआ। वक्ताओं ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों को बचाने और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि अगर पौधों का रोपण एवं वनों का संरक्षण नहीं कर पाए तो आने वाली पीढ़ी को इसके दुष्परिणाम भुगतने पडेंगे। इस अवसर पर उपस्थितों ने सहजन, अनार,जाम, निब्बू और अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। सभी ने जल संरक्षण पर शपथ भी ली।

# नक्सलियों की बौखलाहट फिर उफान पर, बीजापुर में निजी ट्रक को किया आग के हवाले

बीजापुर 7 जून (निस) सुरक्षा बलों द्वारा लगातार किए जा रहे सफल अभियानों और शीर्ष नक्सली नेताओं के मारे जाने के बाद अब माओवादियों की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट में नक्सलियों ने बीजापुर जिले में एक निजी ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे-63 पर कर्रेमरका और भैरमगढ़ के बीच हुई। ट्रक महाराष्ट्र का बताया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात लगभग 9 बजे ग्रामीण वेशभूषा में आए 5-6 हथियारबंद नक्सलियों ने ट्रक को रोका और पेट्रोल छिड़ककर उसमें आग लगा दी। घटना के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और बीजापुर-जगदलपुर के बीच चलने वाली बस सेवाएं कुछ समय के लिए रुकी रहीं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची और नेशनल हाईवे को क्लीयर कराया। भैरमगढ़ और जांगला थाना क्षेत्र की पुलिस ने मोर्चा संभाला और क्षेत्र में सघन गश्त व सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की यह कार्रवाई हाल ही में अपने शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद की गई प्रतिक्रिया है। फोर्स के साथ मुठभेड़ में मारा गया माओवादी नेता नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर छत्तीसगढ़ राज्य समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इससे पहले शीर्ष कमांडर बसवराज भी मारा जा चुका है।

**ट्रांसफर नीति को लेकर कांग्रेस का हमला**

छत्तीसगढ़ सरकार की नवीन ट्रांसफर नीति 2025 को लेकर राजनीतिक गलियारों में घमासान शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि नई ट्रांसफर नीति में शिक्षा, पुलिस, परिवहन, खनिज, वाणिज्य और पंजीयन विभाग के कर्मचारियों को नीति के दायरे से बाहर रखकर भेदभाव किया जा रहा है। धनंजय ठाकुर ने कहा कि राज्य में लगभग 4.5 लाख शासकीय कर्मचारी हैं, जिनमें से शिक्षा विभाग में 2.5 लाख शिक्षक, पुलिस विभाग में 70 हजार से अधिक, जबकि परिवहन, खनिज, वाणिज्य और पंजीयन विभागों में मिलाकर लगभग 40 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जब 80त्न से अधिक कर्मचारियों को नीति से बाहर रखा गया है, तो यह किस प्रकार की समावेशी नीति कही जा सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ट्रांसफर को लेकर पारदर्शिता से काम नहीं कर रही, बल्कि यह नीति कुछ विभागों में लेन-देन और दबाव की राजनीति को बढ़ावा देने का जरिया बन सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व में तहसीलदार संघ ने राजस्व विभाग में ट्रांसफर के दौरान करोड़ों रुपये के लेन-देन के आरोप लगाए थे, लेकिन उन आरोपों की जांच अब तक शुरू नहीं हुई है। इसके उलट, संघ के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई, जिससे सरकार की नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। धनंजय ठाकुर ने ट्रांसफर को कर्मचारियों का अधिकार बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सभी विभागों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सभी विभागों के कर्मचारियों को ट्रांसफर नीति के तहत शामिल किया जाए और किसी भी प्रकार का पक्षपात या दवाब मुक्त प्रक्रिया अपनाई जाए।

# स्कूल बंदी और शिक्षक पद समाप्ति के खिलाफ कांग्रेस का हमला, दीपक बैज बोले - शिक्षा और रोजगार पर हमला कर रही सरकार

रायपुर 7 जून (निस) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने और 45 हजार से अधिक शिक्षक पद समाप्त करने की तैयारी में है, जिससे दूरस्थ अंचलों में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। दीपक बैज ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल शिक्षा विरोधी है, बल्कि रोजगार के अवसरों पर भी सीधा हमला है। स्कूल बंद होंगे तो चौकीदार, रसोईया और भृत्य जैसे हजारों सहायक पद भी समाप्त हो जाएंगे, उन्होंने कहा। उन्होंने सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि वह नई शिक्षक भर्तियों से बचने के लिए पद ही समाप्त कर रही है। जब पद ही नहीं होंगे तो भर्ती किस पर होगी? उन्होंने तंज कसते हुए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 57,000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक भर्ती की प्रक्रिया भ्रमित करने वाली रही है पहले 33,000, फिर 20,000 और अब मात्र 5,000 पदों की बात की जा रही है। दीपक बैज ने खाद-बीज की कमी को लेकर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष डीएपी खाद की 4.5 लाख मीट्रिक टन आवश्यकता है, लेकिन अब तक केवल 81 हजार मीट्रिक टन ही पहुंच पाया है। मानसून दस्तक दे चुका है और किसानों को बीज और खाद की दरकार है। सरकार की यह लापरवाही दर्शाती है कि वह किसानों की उपज घटाना चाहती है ताकि कम धान खरीदी करनी पड़े, उन्होंने कहा। कांग्रेस अध्यक्ष ने समर्थन मूल्य में मामूली वृद्धि को भी किसानों के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि महंगाई की दर 8त्न के आसपास है, लेकिन एमएसपी में केवल 3त्न की वृद्धि की गई है। सी2 फॉर्मूले के तहत लागत पर 50त्न लाभ देने का वादा करने वाली सरकार अब किसानों की आय बढ़ाने से पीछे हट रही है। व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में व्यापारियों के साथ दादागिरी, दुकान में जबरन ताले लगाना और मारपीट जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह व्यापारियों से संवाद कर उनके मुद्दों का समाधान निकाले। इसके अलावा, राशन दुकानों में खराब गुणवत्ता की पीओएस मशीनों को लेकर भी उन्होंने सरकार की आलोचना की। मैदानी से लेकर पहाड़ी इलाकों में यह मशीनें सही ढंग से काम नहीं कर रहीं, जिससे गरीबों को राशन वितरण में परेशानी हो रही है, बैज ने कहा। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपकर खाद और बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेशवासियों की हर समस्या को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

# ट्राले की चपेट में आने से हुई भीषण दुर्घटना में नौ लोगों की मौके पर ही मौत, दो घायल

झाबुआ 7 जून (निस) जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सजेली फाटक और थांदला रोड़ रेलवे स्टेशन के बीच बीती मध्य रात्रि करीब एक बजे हुई भयावह सड़क दुघर्टना में नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना में हताहत हुए लोग एक विवाह समारोह से अपने घरों की ओर लौट रहे थे, तभी अंधाधुंध गति से आ रहे ट्राले ने ईको वाहन को टक्कर मार दी। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तथा मृतकों के शव और घायलों को थांदला एवं मेघनगर के अस्पतालों में पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद ट्राले का चालक मौके से फरार हो गया। उक्त हृदय विदारक दुर्घटना मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात में करीब एक बजे घटित हुई, जब मेघनगर जनपद क्षेत्र के कल्याणपुरा के समीप ग्राम भावपुरा में आयोजित एक विवाह समारोह से अपने घरों की तरफ लौट रहे थे। दुर्घटना में मरने वाले लोग मेघनगर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम शिवगढ़ और दैवीगढ के है और ये सब दो परिवारों से संबद्ध हैं।

## आईआईटी दिल्ली के छात्र ने किया सुसाइड हॉस्टल रूम में बेड पर मिला शव

नई दिल्ली 7 जून (निस) आईआईटी दिल्ली के हॉस्टल रूम में एक बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग छात्र का शव का मिला। छात्र ने सुसाइड किया या किसी घटना का शिकार हुआ, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस और फॉरेंसिंग टीम जांच-पड़ताल में जुटी हैं। राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित आईआईटी दिल्ली के हॉस्टल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक दूसरे साल के छात्र का शव उसके कमरे से बरामद हुआ। यह घटना मंगलवार, 4 जून 2025 को सामने आई। पुलिस को सुबह एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि किशनगढ़ थाना इलाके में स्थित आईआईटी हॉस्टल के एक कमरे का दरवाजा लंबे समय से बंद है और अंदर से कोई जवाब नहीं मिल रहा। सूचना मिलते ही एसएचओ किशनगढ़ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चूंकि दरवाजा अंदर से बंद था, इसलिए फायर सर्विस की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। जब पुलिस और फायर टीम कमरे के अंदर पहुंची तो एक युवक बेहोशी की हालत में बेड पर पड़ा मिला। मौके पर मौजूद आईआईटी के डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में मृतक की पहचान आईआईटी दिल्ली के बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग के दूसरे वर्ष के छात्र के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्र ने घटना से एक दिन पहले रात का खाना खाया था और फिर अपने कमरे में चला गया था। 3 जून को वह किसी भी सहपाठी को नजर नहीं आया और न ही किसी से संपर्क में था, जिससे साथी छात्रों को शक हुआ। इसके बाद मामला सुरक्षा कर्मचारियों के माध्यम से पुलिस तक पहुंचा। पुलिस का कहना है कि शव पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन कमरे में उल्टी के निशान पाए गए हैं, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि मामला स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल, क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं और जांच शुरू कर दी है। कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और हर पहलू को ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गोविंदपुरी के भूमिहीन कैंप में झुग्गियों को तोड़ने पर आया डीडीए का बयान

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली विकास प्राधिकरण जानकारी दी कि दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी स्थित भूमिहीन कैंप में झुग्गियों को तोड़ने की कार्रवाई पिछले महीने की गई थी। यह कार्रवाई हाई कोर्ट द्वारा याचिकाएं खारिज किए जाने के बाद की गईं। 26 मई को हाई कोर्ट ने 45 याचिकाकर्ताओं की अर्जी खारिज कर दी थी। ये याचिकाकर्ता सर्वे सूची में नाम न होने की श्रेणी में आते थे। डीडीए के बयान के मुताबिक, मई में जिन झुग्गियों को गिराया गया, वे इन्हीं 45 याचिकाकर्ताओं से जुड़ी थी। डीडीए के अनुसार, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआइबी) की नीति के तहत, 1 जनवरी 2015 से पहले झुग्गी बस्तियों में रहने वालों को पात्र माना गया है। इस नीति के आधार पर भूमिहीन कैंप के 1,862 परिवारों को योग्य पाया गया और उन्हें कालकाजी एक्सटेंशन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी के फ्लैट आवंटित किए गए। पात्रता के लिए मतदाता सूची में नाम और अन्य पहचान पत्रों में 2015 से पहले की उपस्थिति जरूरी थी। कुल 1,618 झुग्गियों में से अब तक 935 को ध्वस्त किया जा चुका है। डीडीए ने यह भी बताया कि शेष 683 झुग्गियों को नहीं गिराया जा सका, क्योंकि इनमें से कई पर कोर्ट का स्टे ऑर्डर है, कुछ झुग्गियां पास-पास होने के कारण प्रभावित नहीं की गईं और 7 धार्मिक ढांचे भी इसी क्षेत्र में स्थित हैं। इन बाधाओं के चलते पूरी बस्ती को हटाने की प्रक्रिया अधूरी रह गई है। कुल 55 याचिकाएं कोर्ट में दाखिल की गई थीं, जिनमें 435 याचिकाकर्ता शामिल थे। ये सभी मामले न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अदालत में लंबित हैं। डीडीए के अनुसार, याचिकाकर्ताओं को छह श्रेणियों में बांटा गया है, जिनमें सर्वे सूची में नाम न होना, वाणिज्यिक उपयोगकर्ता, 2015 से पहले नाबालिग रहने वाले और अन्य श्रेणियां शामिल हैं। प्राधिकरण का कहना है कि वह कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है।

## एसीबी दफ्तर पहुंचे आप नेता सत्येंद्र जैन क्लासरूम घोटाला मामले में पूछताछ जारी

नई दिल्ली 7 जून (निस) आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार के एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछली आप सरकार ने शहर की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, जबकि मौजूदा भाजपा सरकार केवल राजनीति कर रही है। पूछताछ से पहले पीटीआई वीडियो से बात करते हुए जैन ने कहा कि भाजपा मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा पहले मुझे बताइए कि घोटाला शब्द कहां से आया।

## दिल्ली में अचानक सरकारी स्कूलों के दौरे पर क्यों पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों का दौरा किया और वहां के प्रिंसिपलों के साथ मीटिंग भी की। इस बैठक के बाद उन्होंने पिछली सरकार पर जमकर निशाना साधा और वादा कियाकि वह दिल्ली के सराकरी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर करेंगी। ऐसा उनकी नई पीएम श्री योजना के तहत किया जाएगा जिसके जरिए दिल्ली में 75 पीएम श्री स्कूल बनाए जाएंगे। उन्होंने स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर, पढ़ाई और स्टाफ की कमी को लेकर केजरीवाल सरकार पर कई आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल की सरकार ने सरकारी स्कूलों के एजुकेशन मॉडल की खूब चर्चा की, खूब ढोल पीटे लेकिन आज भी स्कूलों की हालत वैसी ही है जैसे पहले थी। उन्होंने एक स्कूल की तरफ इशाना कर बताया कि इस स्कूल का 2018 में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने जीर्णोद्धार किया था और दो साल से भी कम समय में यह अपनी पुरानी स्थिति में लौट आया। उन्होंने आरोप लगाया केजरीवाल सरकार का शिक्षा मॉडल आर्टिफिशियल मॉडल था। सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, हैदरपुर गांव एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, लेकिन वहां एक भी ऐसा स्कूल नहीं है जहां साइंस पढ़ाया जाता हो। वे छात्र जो साइंस पढ़ना चाहते हैं, वे कहां जाएं? आप देख सकते हैं कि उनकी शिक्षा नीति किस दिशा में लक्षित है। अगर वे पिछले 11 सालों में एक भी साइंस स्कूल नहीं दे सके। स्कूलों में मैदान और बगीचों की हालत खस्ता है। स्कूलों में खेल की सुविधाएं नहीं हैं। ज्यादातर स्कूलों में कर्मचारियों की कमी है।

# फिल्म मालिक में राजकुमार राव के साथ मानुषी छिल्लर





बालीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर सेहत को लेकर काफी फिक्रमंद रहती हैं। उनकी दो ताजा तस्वीरें तो यही बयां करती हैं। एक्ट्रेस मानुषी ने इंस्टाग्राम पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में उन्होंने योगा मैट पर बैठकर मिरर सेल्फी ली है, उनके बगल में डंबल और रेजिस्टेंस बैंड रखे हुए हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में उनके प्रभावशाली कोर स्ट्रेंथ को दिखाया गया है, जिसमें उनके मिड-प्लैंक को परफेक्ट फॉर्म में दिखाया गया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुंदर छोटे बच्चे को मसल्स बनाना पसंद... आप कितनी देर तक प्लैंक कर सकते हैं? मानुषी छिल्लर इस साल दो बड़ी फिल्मों के साथ एक रोमांचक साल की तैयारी कर रही हैं। पहली फिल्म है मालिक, जो एक गैंगस्टर ड्रामा है जिसमें वह राजकुमार राव के साथ काम कर रही हैं। इस फिल्म में मानुषी बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रही हैं। पुलकित के निर्देशन में सजी और कुमार तौरानी तथा जय शेवक्रमणी द्वारा निर्मित, मालिक 20 जून, 2025 को रिलीज होने वाली है। उनकी दूसरी फिल्म, तेहरान वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक मनोरंजक भू-राजनीतिक थ्रिलर है। इसमें मानुषी के अपोजिट जॉन अब्राहम हैं। इसमें जबरदस्त एक्शन दृश्यों के साथ एक बोल्ड नए लुक में नजर आएंगी। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, यह फिल्म 2025 के अंत में सिनेमाघरों में लग सकती है।

**गलवान संघर्ष पर बन रही फिल्म में नजर आयेंगे सलमान**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सलमान खान का अगला प्रोजेक्ट निर्देशक अपूर्व लखिया के साथ होगा और गॉसिप्स गलियारों की मानें तो सलमान खान ने इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान ने लो-ऑक्सीजन यानि ऑक्सीजन की कमी वाले हालातों में ट्रेनिंग करना शुरू कर दिया है। दरअसल सलमान खान की यह अपकमिंग फिल्म 2020 में गलवान क्लैश पर आधारित बताई जा रही है। इस वॉर ड्रामा फिल्म के लिए सलमान खान को ना सिर्फ मेंटली बल्कि फिजिकली भी काफी तैयारी करनी होगी। उन्हें पर्दे पर गजब का ट्रांसफॉर्मेशन दिखाना होगा और वही चीज शूटिंग में भी दिखनी जरूरी है क्योंकि सलमान खान को टीम के साथ काफी टफ हालातों में यह फिल्म शूट करनी होगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र के हवाले में बताया गया है कि लेह के हाई एल्टिट्यूड में शूट करने के लिए तैयारी कड़ी करनी होगी।कर्नल बिकुमल्ला संतोष बाबू के किरदार में उतरना सलमान खान के लिए आसान नहीं होगा। सलमान खान ने इसके लिए एक काफी टफ ट्रेनिंग करने का अपने आप से वादा किया है और प्रोफेशनल हेल्प भी ले रहे हैं। सलमान खान को सिर्फ अपनी यूनिफॉर्म और किरदार का ही नहीं, बल्कि कहानी का भी वजन उठाना है। फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया कि जिस एके-47 को लेकर सलमान खान फिल्म में दिखेंगे वो तो बस एक प्रतीक होगा। असल भार तो उन्हें अपनी फिल्म की कहानी और किरदार का कंधे पर उठाना है। सलमान खान की असली परीक्षा हल्की हवा में काफी टफ इलाके में लंबे-लंबे शूट करना होगी। जानकारी के मुताबिक सलमान खान काफी सीरियस होकर इस रोल की तैयारी कर रहे हैं। वह समझ रहे हैं कि कर्नल बाबू का किरदार करना कितनी बड़ी जिम्मेदारी है। बात सिर्फ फिजिकली सही होने की नहीं है, यहां बात है एक लीगेसी को आगे लेकर जाने की जिसे कई पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। बता दें कि सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। इस अपकमिंग फिल्म से सलमान को काफी उम्मीदें हैं।

**राहिल के जन्मदिन पर जेनेलिया और रितेश ने सोशल मीडिया पर लुटाया प्यार**-बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख ने अपने छोटे बेटे राहिल के नौवें जन्मदिन पर सोशल मीडिया के ज़रिए खास अंदाज़ में अपना प्यार ज़ाहिर किया। इस मौके पर दोनों ने दिल छू लेने वाले पोस्ट शेयर कर बेटे के साथ अपने रिश्ते और भावनाओं को बेहद भावुक अंदाज़ में व्यक्त किया। जेनेलिया ने इंस्टाग्राम पर फुटबॉल मैदान से राहिल के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए और उसे प्यार से 'छोटा तूफान' कहकर पुकारा। उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे राहिल, तुम मेरे छोटे तूफान हो, जिसने मुझे एक साथ नरम और मजबूत बनाया है। कभी-कभी तुम मेरी परीक्षा लेते हो, घर में शरारत करते हो और मुझे हमेशा सतर्क रखते हो। लेकिन अगले ही पल तुम्हारी छोटी सी झप्पी सब कुछ ठीक कर देती है। उन्होंने आगे कहा कि राहिल की हंसी उनकी सारी थकान मिटा देती है और उसका प्यार उनके जीवन की सबसे कीमती भावना है। वहीं रितेश देशमुख ने भी बेटे राहिल की फुटबॉल खेलते हुए तस्वीर साझा की और एक भावनात्मक संदेश के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, तुम हमारे जीवन में खुशी, ऊर्जा और प्यार का सैलाब लेकर आए हो। तुम्हें बड़ा होते देखना हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी है। तुम निडर हो, मस्ती करना पसंद करते हो और फुटबॉल शानदार खेलते हो। तुम्हारी जिजीविषा और मेहनत हमें प्रेरित करती है। रितेश ने आगे कहा, तुम जैसे हो वैसे ही बने रहो अद्भुत, बहादुर और मेहनती। हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं, और इस प्यार को शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

हम दुआ करते हैं कि तुम्हारा नया साल मस्ती, फुटबॉल और यादगार पलों से भरा हो। जन्मदिन मुबारक हो बेटा। राहिल के जन्मदिन पर यह प्यार भरा संदेश सोशल मीडिया पर फैन्स को खूब पसंद आया। फैन्स ने भी राहिल को जन्मदिन की बधाइयों के साथ रितेश और जेनेलिया को एक आदर्श माता-पिता बताया।

# सैफ अली ने समय को लेकर दीपिका की मांग का समर्थन किया

दीपिका पादुकोण के संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर होने के बाद 8 घंटे काम करने को लेकर बहस तेज हो गई है। कहा जा रहा था कि दीपिका ने दिन में सिर्फ आठ घंटे काम करने की



मांग की थी, जिसके कारण उन्हें फिल्म से हटाया गया। इस विवाद पर सैफ अली खान ने बड़ा बयान दिया है। सैफ ने कहा कि परिवार सबसे अहम है और असली सफलता तब होती है जब आप काम छोड़कर परिवार के लिए वक्त निकाल सकें। उन्होंने बताया कि वे अपने बच्चों और मां दोनों के लिए समय निकालते हैं और काम के साथ-साथ परिवार को भी प्राथमिकता देते हैं। सैफ ने आगे कहा कि काम जरूरी है, लेकिन परिवार के साथ बिताया वक्त भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि असली प्रिविलेज तब है जब आप काम से मना करके परिवार को समय दे सकें। इससे पहले फिल्म 'मां' के ट्रेलर लॉन्च पर काजोल और अजय देवगन ने भी दीपिका का समर्थन किया था।



काजोल ने 8 घंटे काम करने की मांग को सही बताया और अजय ने कहा कि इंडस्ट्री के ज्यादातर लोग इस बात को समझते हैं। दीपिका अपनी बेटी दुआ के साथ भी समय बिताना चाहती हैं, जो अभी आठ महीने की है, और अपने फैसले से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

**पवनदीप राजन हुए अस्पताल से डिस्चार्ज**

'इंडियन आइडल 12' के विजेता पवनदीप राजन हाल ही में एक गंभीर कार एक्सीडेंट के बाद लंबे इलाज के बाद अब अस्पताल से घर लौट आए हैं। 5 मई को अमरोहा में हुए इस एक्सीडेंट में उनकी कार गजरौला के चौपला चौराहा ओवरब्रिज से नीचे उतर गई थी, जिससे पवनदीप समेत उनके ड्राइवर और एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पवनदीप को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने 25 दिनों तक उपचार करवाया। हाल ही में पवनदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर कर खुशी जाहिर की, जिसमें वह फ्लाइट के अंदर मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, डिस्चार्ज हो गया है और घर जा रहा हूं। आप सभी के सपोर्ट, आशीर्वाद और दुआओं के लिए शुक्रिया। उनके फैंस और साथियों ने भी इस खुशखबरी पर राहत की सांस ली है। पवनदीप के एक्सीडेंट के वक्त उनकी कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन अब उनकी सेहत में सुधार हो चुका है

# मुझे रीमेक बनाने में कोई परेशानी नहीं-आमिर

बालीवुड एक्टर आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तो सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने इसे स्पैनिश फिल्म 'चैंपियंस' का रीमेक बताया और फिल्म की आलोचना शुरू कर दी। कई यूज़र्स ने चैंपियंस के क्लिप्स शेयर कर यह दावा किया कि



आमिर खान की फिल्म इंटरनेशनल फिल्म की नकल है। इस पर अब खुद आमिर खान ने प्रतिक्रिया दी है और रीमेक फिल्मों पर उठ रहे सवालों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। एक इंटरव्यू में आमिर खान ने कहा कि उन्हें रीमेक बनाने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने चैंपियंस देखी तो उन्हें लगा कि जैसे वे अपनी ही फिल्म तारे ज़मीन पर का अगला भाग देख रहे हों।

आमिर का मानना है कि कुछ कहानियां इतनी असरदार होती हैं कि उन्हें अलग-अलग संस्कृति और भाषा में दोहराया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उसका संदेश समझ सकें।

उन्होंने कहा कि भारत में बहुत कम लोग स्पैनिश फिल्में देखते हैं, ऐसे में अगर वही कहानी भारतीय दर्शकों तक अपनी भाषा में पहुंचाई जाती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आमिर खान ने कहा कि किसी कहानी को रीमेक करना रचनात्मकता को कम नहीं करता। वह जब किसी फिल्म को रीमेक करते हैं तो उसमें अपना नजरिया, अपनी ऊर्जा और अपनी टीम की सोच डालते हैं, जिससे वह फिल्म एक नई रचना बन जाती है। उन्होंने इस सोच को शेक्सपियर के नाटकों से जोड़ा और कहा कि आज भी दुनिया भर में हजारों लोग शेक्सपियर के नाटक करते हैं और उनकी सराहना होती है। जबकि वे भी तो रीमेक ही हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर रीमेक से इतनी ही समस्या है तो सबसे पहले शेक्सपियर को बंद करना चाहिए। आमिर ने अपनी फिल्म गजनी का उदाहरण देते हुए बताया कि वह पहले तमिल में बन चुकी थी, लेकिन उन्होंने उसे अपने नजरिए से दर्शकों के सामने रखा।

# सुभाष घई ने मेरे पापा को सुपरस्टार बना दिया-टाइगर श्रॉफ

बालीवुड फिल्म निर्माता सुभाष घई को अल्टीमेट शोमैन बताते हुए बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने कहा कि उनके अंकल सुभाष घई की वजह से ही उनके पिता जैकी श्रॉफ एक रात में सुपरस्टार बन गए थे। टाइगर श्रॉफ ने दिग्गज फिल्म निर्माता सुभाष घई को दिल से धन्यवाद कहा है। टाइगर श्रॉफ ने भी इस फिल्म के पोस्टर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में साझा किया और सुभाष घई के प्रति आभार जताते हुए लिखा, धन्यवाद सुभाष घई अंकल, मेरे पापा को रातोंरात सुपरस्टार बनाने के लिए। आप सबसे बड़े शोमैन हैं। टाइगर श्रॉफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बागी 4' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस एक्शन फिल्म का निर्देशन ए. हर्षा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ था, जिसमें टाइगर का खतरनाक अवतार देखने को मिला। पोस्टर में वह एक हाथ में चाकू और दूसरे में बोतल पकड़े नजर आ रहे हैं, चारों तरफ खून के निशान हैं और



ज़मीन पर लोग बेहोश पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में टाइगर के साथ सोनम बाजवा और मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी नज़र आएंगी। 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि सुभाष घई ने हाल ही में अपनी 1983 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म हीरो का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें जैकी श्रॉफ और मीनाक्षी शेषाद्रि मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। इस फिल्म ने हाल ही में हिंदी सिनेमा में 42 साल पूरे किए हैं। इस मौके पर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि एक नए चेहरे के साथ बड़ी फिल्म बनाना एक साहसिक फैसला होता है, और जब पूरी रचनात्मक आजादी हो तो उसे ब्लॉकबस्टर बनाना और भी चुनौतीपूर्ण होता है।

उन्होंने बताया कि 'हीरो' ने रिलीज के बाद 75 हफ्तों तक सिनेमाघरों में धूम मचाई थी और इसका संगीत आज भी श्रोताओं को याद है।उन्होंने अपनी टीम, कलाकारों, वितरकों और फाइनेंसरों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन सभी के सहयोग से 1982 में उन्होंने मुक्ता आर्ट्स की स्थापना की थी और उसके बाद से अब तक 42 फिल्में बना चुके हैं।

**मुझे चुनौतिपूर्ण रोल्स पंसद है-राजकुमार राव**

मुझे ऐसे किरदारों वाली फिल्में पसंद हैं जो प्रभावशाली हों और चुनौतीपूर्ण विषयों पर आधारित हों। ये कहना है बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेता राजकुमार राव का। अभिनेता ने स्पष्ट किया कि डांस-केंद्रित भूमिकाओं से अधिक वे गंभीर और गहरे रोल करना पसंद करते हैं, जैसे कि उनकी चर्चित फिल्में 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि वे डांसिंग राजकुमार बनना पसंद करेंगे या 'शाहिद' और 'मालिक' जैसी फिल्मों में अभिनय करना, तो उन्होंने बिना हिचकिचाए कहा, मैं 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' को चुनूंगा। मैं किसी पार्टी में जाकर डांस कर सकता हूं, वीडियो बना सकता हूं और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर सकता हूं, लेकिन ऐसी चुनौतीपूर्ण फिल्मों में काम करने के मौके बार-बार नहीं मिलते।राजकुमार की अपकमिंग फिल्म 'मालिक' की रिलीज़ डेट 20 जून से बदलकर 11 जुलाई कर दी गई है। इस फिल्म में वे एक गैंगस्टर की भूमिका में नजर आएंगे। 'मालिक' पुलकित के निर्देशन में बनी है, जबकि इसके निर्माता कुमार तौरानी हैं। फिल्म का निर्माण टिप्स फिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के बैनर तले हुआ है। उनकी एक और चर्चित फिल्म 'शाहिद' का निर्देशन हंसल मेहता ने किया था, जो साल 2012 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता शाहिद आजमी के जीवन पर आधारित है, जिनकी 2010 में हत्या कर दी गई थी। राजकुमार इस फिल्म में शाहिद आजमी की भूमिका निभाते हुए नजर आए थे। फिल्म में मोहम्मद जीशान अय्यूब, प्रभलीन संधू और बलजिंदर कौर भी सहायक भूमिकाओं में थे। इसके अलावा, 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'न्यूटन' भी राजकुमार की प्रमुख फिल्मों में से एक है। मसुरकर के निर्देशन में बनी यह ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें राजकुमार एक सरकारी कर्मचारी की भूमिका में हैं, जिसे चुनाव ड्यूटी पर एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मध्य भारत के क्षेत्र में भेजा जाता है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अंजलि पाटिल और रघुबीर यादव ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

# वन्य जीव फोटोग्राफी सिर्फ शौंक नहीं उससे बढ़कर है-रणदीप हुड्डा

फिल्म अभिनेता और पर्यावरण संरक्षक रणदीप हुड्डा इन दिनों मध्य प्रदेश के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में प्रकृति की गोद में समय बिता रहे हैं। अभिनेता ने वन्यजीव फोटोग्राफी के अपने जुनून को एक बार फिर जीवंत करते हुए कहा है कि यह उनके लिए सिर्फ एक शौक नहीं बल्कि प्रकृति और आत्म-संवाद का माध्यम है।

रणदीप ने कहा, कि जंगल में समय बिताना एक तरह से जीवन का रीसेट बटन दबाने जैसा है। यह अनुभव मुझे धैर्य, विनम्रता और सही दृष्टिकोण सिखाता है। वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखना मुझे भीतर तक छू जाता है। इस यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री लिन लैशराम भी हैं।कान्हा टाइगर रिज़र्व, जहां वे वर्तमान में रुके हुए हैं, जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है और यह राजसी बाघों, तेंदुओं, दुर्लभ दलदली हिरण (बारहसिंगा) और कई लुप्तप्राय प्रजातियों का घर है। रणदीप यहां के शांत और समृद्ध वन्य वातावरण में अपने कैमरे से प्रकृति के अनमोल पल कैद कर रहे हैं। फिल्मी मोर्चे पर, रणदीप हुड्डा एक नई और बेहद रोमांचक परियोजना की तैयारी में हैं। उन्होंने ऑपरेशन खुकरी पर आधारित फिल्म के आधिकारिक अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह कहानी वर्ष 2000 में पश्चिम अफ्रीका के सिएरा लियोन में भारतीय सेना के साहसिक शांति मिशन पर आधारित है, जब 233 भारतीय सैनिकों को विद्रोहियों ने बंधक बना लिया था। वेरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, रणदीप इस फिल्म में मेजर जनरल राजपाल पुनिया की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने उस मिशन का नेतृत्व किया था। फिल्म का नाम है— ऑपरेशन खुकरी- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ द इंडियन आर्मी 'स ब्रेवेस्ट पीसकीपिंग मिशन अब्रॉड। इस प्रकार रणदीप हुड्डा न सिर्फ कैमरे के सामने बल्कि वास्तविक जीवन में भी देश, प्रकृति और साहसिकता से जुड़े विषयों को प्रमुखता से सामने लाने की कोशिश कर रहे हैं।



**लीवर कैंसर से लड़ रही हैं दीपिका कक्कड़**-टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने स्वास्थ्य से जुड़ी एक बड़ी और दुखद खबर सोशल मीडिया पर साझा की है। हाल ही में उन्होंने बताया कि उन्हें स्टेज 2 लीवर कैंसर का पता चला है। दीपिका ने कहा कि उनके लीवर में जो टेनिस बॉल के आकार का ट्यूमर पाया गया था, वह कैंसर था और अब यह दूसरे चरण में है। इस खबर को सुनकर उनके फैंस और साथी कलाकार बहुत चिंतित हैं। दीपिका ने एक लंबा पोस्ट लिखकर इस चुनौतीपूर्ण समय की जानकारी दी और सभी से उनके लिए प्रार्थना करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि यह समय उनके लिए बेहद मुश्किल है, लेकिन वह हिम्मत बनाए रखे हुए हैं। दीपिका ने यह भी बताया कि वे सकारात्मक रहने की पूरी कोशिश कर रही हैं और इलाज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनके पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज ने सहानुभूति और समर्थन जताते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। इस कठिन लड़ाई में दीपिका को पूरे देश से दुआएं मिल रही हैं।

**करण और जेनिफर फिर साथ नजर आ सकते हैं**

टीवी के चर्चित कपल जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर एक बार फिर साथ देखने को मिल सकते हैं। दोनों ने सालों पहले सीरियल 'दिल मिल गए' में साथ काम करते हुए प्यार किया और शादी की थी, लेकिन कुछ समय बाद उनका रिश्ता टूट गया। इसके बावजूद उनके फैंस आज भी उन्हें साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। अब हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई हैं कि तलाक के 13 साल बाद यह एक्स कपल करण जौहर के अपकमिंग रिएलिटी शो द ट्रेटर्स में साथ नजर आ सकता है। इस शो में कई सेलेब्रिटीज़ अपनी अलग पहचान के साथ हिस्सा लेते हैं और फैंस के लिए खास मनोरंजन लेकर आते हैं। करण और जेनिफर की इस तरह की स्क्रीन पर वापसी फैंस के लिए एक सुखद सरप्राइज होगी। फिलहाल दोनों की ओर से इस खबर पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं आई है, लेकिन यह अफवाह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस इस जोड़ी की झलक पाने के लिए काफी उत्साहित हैं।

**दिलजीत ने लिया सबसे महंगी कॉफी का आनंद**

दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में लंदन में शहर की सबसे महंगी कॉफी का लुत्फ उठाया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत ने अपने अभिनय और गायकी के दम पर न सिर्फ देश में, बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे हाल ही में प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हुए पहुंचे थे, जहां उनका स्टाइल और व्यक्तित्व लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा। कान्स के बाद दिलजीत ने लंदन में अपने आराम के पल बिताए और वहां की महंगी कॉफी का स्वाद चखा। इस दौरान ली गई उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज साफ दिख रहा है। फैंस उनकी इस जीवनशैली को पसंद कर रहे हैं और दिलजीत की तारीफ कर रहे हैं। उनकी ये तस्वीरें उनके करियर की सफलता और निजी जिंदगी की खुशियों की झलक पेश करती हैं, जो उनके समर्थकों के बीच खूब चर्चा में हैं।

**कास्टिंग काउच का डरावना अनुभव बताया अमृता ने**

बॉलीवुड में कास्टिंग काउच और उत्पीड़न के कई मामलों ने सुर्खियां बटोरी हैं, जिनमें कई नाम सामने आ चुके हैं। इसी सिलसिले में अब एक्ट्रेस अमृता सुभाष ने अपने साथ हुए एक भयावह अनुभव का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि एक प्रोड्यूसर ने उनके साथ ऐसा व्यवहार किया, जिसने उन्हें गहराई से परेशान और डराए रखा। अमृता ने इस घटना को याद करते हुए अपने संघर्षों को साझा किया, जिससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आया है।

**गोविंदा आज भी 90 के दशक में जी रहे हैं-सुनीता आहूजा**

हाल ही में एक इंटरव्यू में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने सिनेमा, पति गोविंदा के साथ रिश्ते और आज के कलाकारों को लेकर अपनी राय खुलकर रखी। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनके और गोविंदा के बीच लड़ाइयों की वजह झूठी तारीफ न करना है। सुनीता ने बताया कि वह आज के समय की फिल्मों और कलाकारों के काम को पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि गोविंदा आज भी 90 के दशक की सोच में जी रहे हैं, जबकि उन्हें आज का कंटेंट अधिक प्रभावशाली लगता है। सुनीता का कहना है कि वह अपने पति की गलत बातों में हां में हां नहीं मिलातीं, और यही बात गोविंदा को अक्सर खटकती है।

# विधायक ने गांवों का धन्यवादी दौरा कर सुनी जनता की समस्याएं

**कुरुक्षेत्र, 7 जून ( सुदेश कुमार ) :** थानेसर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने आज थानेसर हल्के के लगभग एक दर्जन गांव का धन्यवादी दौरा करके जहां उन्हें पांचवीं बार विधायक बनाने के लिए गांव वासियों का धन्यवाद किया।

वहीं गांव वासियों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को फोन करके जल्द समस्याएं निपटाने के आदेश दिए। धन्यवादी दौरे के तहत गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से विधायक अशोक अरोड़ा का स्वागत किया। गांव बगथला में लोगों ने उनके सामने अपनी समस्याएं रखी, विधायक अशोक अरोड़ा ने अधिकारियों को ग्रामीणों के सामने ही फोन कर समस्याओं का निपटारा करने के आदेश दिए। अशोक अरोड़ा ने गांव नरकातारी, जोगनाखेड़ा, दबखेड़ी, बलाही, बगथला, समसपुर, मुंडाखेड़ा, इन्दबड़ी, ज्योतिसर, रावग और बाहरी गांव में धन्यवादी दौरा करके ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर उनके साथ सुभाष पाली, रणबीर बूरा, सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, टेकचंद बारना, चंद्रभान वाल्मीकि, सुभाष मिर्जापुर तथा सतीश टामक सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक अशोक अरोड़ा



ने कहा कि गांव वासियों के सामने बिजली और जल निकासी जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से हैं। मानसून का सीजन आ रहा है लेकिन अभी तक नालों की सफाई नहीं हुई। बिजली के खंभे उखड़े पड़े हैं, उन्होंने अधिकारियों को इन सभी समस्याओं को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज सरकार द्वारा गरीब लोगों के नाम बीपीएल से काटे जा रहे हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकियां दी जा रही है। अरोड़ा ने कहा कि चुनाव से पहले वोट लेने के लिए भाजपा सरकार ने बीपीएल में इन्हें शामिल किया और वोट लेने के बाद इनके नाम डरा धमका कर कटवाए जा रहे हैं। आज सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। लोगों के सामने रोजगार नहीं है। इसी प्रकार गांव वासियों ने बताया कि कुछ सरपंच ग्रांट लगाने में भेदभाव करते है, जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि आज लगातार बढ़ रही महंगाई ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है, बढ़ती महंगाई से लोग दुखी है। अरोड़ा ने कहा उन्हें हल्के की जनता ने 5वीं बार विधायक बनाया है, इसलिए उनका फर्ज बनता है कि वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुने और समाधान करवाए। इसलिए वह अपना कर्तव्य निभाते हुए गांव-गांव जाकर जनता का आभार प्रकट करते हुए समस्याएं सुन रहे हैं।

# गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**यमुनानगर, 7 जून ( दिनेश कुमार ) :** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ने 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। थीम थी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य और योग से नशा मुक्त जीवन। प्रशिक्षण जिला यमुना नगर आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ शिव कुमार और योग सहायक मिस्टर दीपक और मिस प्रीति विश्वास द्वारा दिया गया। डॉ मीनाक्षी गुप्ता, शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष और कार्यक्रम संचालिका ने बताया कि मुख्य अतिथि कॉलेज निदेशिका डॉ वरिंदर गांधी ने छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें प्रतिबंधित पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। प्रिंसिपल प्रोफेसर नरिंदर पाल कौर ने भी छात्राओं को योग के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। महासचिव एम. एस साहनी ने भी इस अवसर पर कॉलेज के योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। डॉ शिव कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि योग शारीरिक और मानसिक संतुलन और जीवन की पराकाष्ठा को प्राप्त करने का एक प्रभावी साधन है। लगभग 62 छात्राओं और प्राध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान, शिक्षकों और छात्राओं ने वृक्षारोपण भी किया ताकि पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम में मिस मानसी, मिस प्रियंका, मिस प्रीति, प्रेरणा, श्वेता, खुशी, मनप्रीत, अमनदीप, शिवानी और अन्य उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जलघर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हिसार, 7 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार द्वारा जिले भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस दौरान खंड उकलाना के मुख्य जलघर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर पौधे लगाकर ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए जनसहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने



कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा, संरक्षण व जागरूकता के लिए समर्पित दिन है।

बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटने के लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। यह कार्य न केवल हमारी पृथ्वी को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि वर्षा में वृद्धि और जलस्तर सुधारने में भी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार खंड बरवाला के गांव राजली स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। बीआरसी रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण की महत्ता और पेड़-पौधों के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में पौधारोपण का विशेष महत्व होता है, जिससे वातावरण शुद्ध रहता है और गर्मी कम होती है।

जिला सलाहकार विनोद कुमार ने बताया कि जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता है। संसाधनों का अत्यधिक दोहन और घटती वर्षा चिंता का विषय हैं।

यदि हम अधिक पेड़ लगाएं तो वर्षा में वृद्धि होगी और भूजल स्तर भी बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत उकलाना, बरवाला, हांसी और हिसार के जलघरों पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के सहयोग से अगले सप्ताह विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर बीआरसी प्रदीप कुमार, अनिल कुंडू, मोहम्मद इसाक, सुमित मोर, कृष्णा, विक्रम, पिल खूंगा, सुरेंद्र, रामेश्वर शर्मा, निंदर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार जल्द से जल्द किसानों को डीएपी खाद उपल्बध करवाए : सुखविंद्र भूखड़ी

**बाबैन, 7 जून ( राजेश कुमार ) :** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन बाबैन किसान विश्राम गृह में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के बाबैन ब्लाक प्रधान सतबीर सिंह घिसरपड़ी ने की। बैठक में भाकियू के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखविन्द्र भूखड़ी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर भाकियू के प्रदेशा कोषाध्यक्ष सुखविन्द्र भूखड़ी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के टयूबवेलों की सिक्योरिटी वर्ष 2023 में बढ़ाई गई थी जिस पर अभी तक विभाग ने ट्रांसफार्मर नहीं रखे तो विभाग या किसानों के बिल वापिस करें या किसानों के जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर रखे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के द्वारा पिछले वर्ष धान के सीजन में सुखा ग्रस्त के लिए 2000 प्रति





एकड़ देने की सहायता वादा किया था अभी तक कुछ किसानों को यह सहायता नहीं मिली जिसे तुरंत प्रभाव से दिया जाए। उन्होंने कहा कि धान के सीजन के लिए किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है और 15 जून से धान का सीजन शुरू हो चुका है। सरकार जल्द से जल्द किसानों को डीएपी खाद उपल्बध करवाए। इस मौके पर भाकियू के जिला प्रधान कृष्ण कलालमाजरा, ब्लाक प्रधान सतबीर घिसरपड़ी, राम सिंह महुवाखेड़ी, धर्मपाल सुरजगढ़, गुरदयाल सुरजगढ़, रमेशचंद मगौली, सोमनाथ घिसरपड़ी, अजैब सिंह बडतौली, सतपाल सिंह, प्रिंस महुवाखेड़ी, ध्यान सिंह रामनगर व अन्य किसान मौजूद रहे।

# सीएम के नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने जताया मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार



**कुरुक्षेत्र, 7 जून ( सुदेश कुमार ) :** सीएम के नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कबीर कुटीर चंडीगढ़ आवास पहुंचकर आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं युवा पत्रकार तुषार सैनी को मुख्यमंत्री नायब सैनी का मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए जाने के फैसले से कुरुक्षेत्र के पत्रकार संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों में भी भारी उत्साह है। लोग तुषार सैनी को सोशल मीडिया पर बधाइयां दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सैनी और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। सरकार की विकास कार्य नीतियों को आगे बढ़ते हुए प्रदेश के विकास में सहयोग करूंगा।

**दो पत्रकारों को मिली जिम्मेदारी पर पत्रकार करेंगे सम्मान और स्वागत:**-कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार पंकज अरोड़ा को सरस्वती सेवा समिति का मेंबर और तुषार सैनी को सीएम नायब सैनी का मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त होने के बाद पत्रकारों में भारी उत्साह है। पत्रकार संगठन शहर के गणमान्य लोग और सामाजिक संस्थाएं तुषार सैनी और पंकज अरोड़ा का नागरिक अभिनंदन करेंगे। कुरुक्षेत्र के रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में सुबह 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार करे किसानों का भला, किसान हो रहा हताश व परेशान : सेवा सिंह आर्य

**करनाल, 7 जून ( संदीप रोहिला ) :** जिले के गांव जाम्बा में भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नीलोखेड़ी की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता चौधरी धर्म सिंह ने की, जिसमें किसानों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया गया। मुख्य तौर पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जिसकी भी सरकार रही उसने किसानों की अनदेखी की। 10 मन से पैदा करने वाला किसान आज 60 मन प्रति एकड़ पैदा कर रहा है, फिर भी किसान कर्ज की दलदल में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज किसानो की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि जिसके चलते किसान परेशान और हताश दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि किसान की आर्थिक हालात दिन प्रतिदिन बद से बदत्तर होती जा रही है। सरकार को चाहिए कि किसानों को उनकी फसलों के अच्छे दाम दें ताकि किसान भी भारत के दूसरे शहरियों की तरह अपने बच्चों का, घर परिवार का पालन-पोषण सही से कर सके। इस अवसर पर धर्म सिंह, सेवा सिंह आर्य, महेंद्र सिंह,



नेकीराम, राजेंद्र, भीम सिंह, लक्ष्मी, प्रीति सिंह, ईश्वर सिंह, अमित सिंह, गुलाब सिंह, कृष्ण कुमार, धर्मपाल, लख्मीचंद सहित तमाम किसानों ने भाग लिया।

**ये हैं किसानों की प्रमुख मांगे**

भारतीय किसान यूनियन के राष्टीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने विभिन्न मांगो का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों का कर्ज माफ हो, फसलों के दाम पूरे मिले, भूमि अधिग्रहण किसानों के मर्जी के बगैर ना किया जाए। नहरी पानी धान के लिए किसानों को ज्यादा दिया जाए। फसल बीमा योजना को पारदर्शी किया जाए। हर किसान को बीमा की कॉपी दी जाए। पुरानी भरी गई सिक्योरिटी के बिजली कनेक्शन सीनियरिटी के हिसाब से जल्द दिए जाएं। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा किसानों के रास्तों को जल्दी पक्का किया जाए ताकि किसान को खेतों में आने जाने की समस्या न आ सके। प्रधानमंत्री फसल निधि योजना 6000 से बढ़कर 18000 किया जाए। बुजुर्गों की पेंशन में भी बढ़ोतरी की जाए।

# मुस्ताबाद में किसानों का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**करनाल, 7 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** गांव मुस्ताबाद में किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा है। किसानों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। बता दें कि पिछले तीन दिनों से दर्जनों किसानों ने डेरा डाल रखा है और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। आज धरने की अध्यक्षता किसान नेता जोगिन्द्र सिंह सांगवान शेखपूरा ने अध्यक्षता की, संचालन जिला महासचिव सुरेंदर सिंह बैनीवाल ने किया। आस-पास के कई गांवों से किसान एकजुट होकर समर्थन में पहुंचे। सोमवार को किसान जिला



सचिवालय पर प्रदर्शन करेंगे और एसपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

धरने पर उपस्थित किसानों ने एकता जिंदाबाद, जमीन हमारी हक हमारा जैसे नारे लगाकर विरोध को मुखर किया। किसानों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के प्रशासन ने भारी पुलिस बल और मशीनरी के साथ खेतों में घुसपैठ की, और कब्जा दिलवाने की कोशिश की।

जब इसकी भनक किसानों को लगी, तो वे भारी संख्या में मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से इसका विरोध किया। विरोध को देखते हुए प्रशासनिक अमले को पीछे हटना पड़ा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई, तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा जान दे देंगे, पर जमीन नहीं देंगे।

किसानों का कहना है कि वे किसी भी हाल में अपने पुश्तैनी हक से पीछे नहीं हटेंगे। धरनारत किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल इस अवैध कार्रवाई को रोके और किसानों की भूमि को किसी भी निजी हित के लिए न छीना जाए। उन्होंने सरकार से यह भी अपील की है कि वह निष्पक्ष जांच कराए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। इस अवसर पर ईशम सिंह, जोगिंदर सिंह, सतपाल, सुरेंद्र बेनीवाल, जसमेर सिंह, विनोद राणा कालरम, महिंद्र सिंह, मंडल खेड़ा छपरा, राजकुमार, दवेंद्र सांगवान, वेदपाल, ओम प्रकाश, रमेश शर्मा, राजू सांगवान, ओमपाल, दीवानचंद, महावीर देशवाल, पाला राम, राम सिंह, दयाल सिंह, रविंदर, सेठपाल, राजकुमार, सुशील व श्याम सिंह सहित काफी संख्या में किसान शामिल थे।

# सुख-समृद्धि के लिए श्रद्धालुओं ने सिद्धपीठ सालासर धाम में टेका मत्था

***श्री खाटू श्याम परिवार नीलोखेड़ी की तरफ से पहुंचा 110 श्रद्धालुओं का जत्था***



**तरावड़ी, 7 जून ( छाया शर्मा ) :** शहर की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए श्रद्धालुओं के जत्थे ने सालासर धाम के सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में मत्था टेका।

तरावड़ी-नीलोखेड़ी, निगदू, निसिंग व करनाल समेत कई गांवों के श्रद्धालु श्री खाटू श्याम परिवार नीलोखेड़ी की तरफ से सालासर धाम में दर्शनों के लिए पहुंचे थे। जिनका स्वागत नीलोखेड़ी नगरपालिका की चेयरपर्सन सनमीत कौर आहूजा ने किया। जत्थे का नेतृत्व श्री खाटू श्याम परिवार नीलोखेडी से जुड़े पंकज सिंगला ने किया। जत्थे में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने लाईनों में लगकर बालाजी महाराज के दर्शन किए ओर मंदिर परिसर में मत्था टेककर पूजा-अर्चना करते हुए अपने शहर समाज ओर क्षेत्र की खुशहाली की भी कामना की गई। काबिलेगौर है कि 110 से ज्यादा श्रद्धालुओं-श्याम प्रेमियों का जत्था सालासर-खाटूधाम के लिए रवाना हुआ था। नीलोखेडी नगरपालिका चेयरमैन सनमीत कौर आहूजा ने कहा कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से बालाजी महाराज के दरबार में पहुंचते हैं, तो मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि सालासर धाम का एक अलग ही महत्व है। यहां पर रोजाना देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्री खाटू श्याम परिवार नीलोखेडी से जुड़े पंकज सिंगला ने बताया कि नीलोखेडी, तरावड़ी व करनाल समेत कई जगहों से श्याम प्रेमी सालासर धाम में दर्शनों के लिए पहुंचे। जिसमें नीलोखेड़ी नगरपालिका की चेयरमैन सनमीत कौर आहूजा, अग्रवाल समाज नीलोखेड़ी के प्रधान रितेश गुप्ता, कमल कपूर, राकेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सृष्टि सिंगला, पंकज सिंगला, पुष्पक वर्मा, रोहित, विशाल शर्मा, छाया शर्मा व डिम्पी समेत काफी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल रहे।

# डीसी प्रीति ने किया कलायत क्षेत्र की ड्रेनों का निरीक्षण

**कलायत, 7 जून ( सूबे सिंह ) :** डीसी प्रीति ने शनिवार को कलायत क्षेत्र में नगर पालिका व सिंचाई विभाग के अधीन आने वाली ड्रेनों का निरीक्षण किया और मानसून से पूर्व ड्रेनों की हर हाल में नियमानुसार सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने एसडीएम कलायत को निर्देश दिए कि वे दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ सभी ड्रेनों की सफाई का शेड्यूल निर्धारित करें और मनरेगा सहित यदि किसी तरह की जरूरत है तो उस बारे में संबंधित अधिकारियों से तालमेल बनाकर सफाई कार्य को पूरा करवाएं। डीसी ने यह कहा कि डीसी ने एसडीएम कलायत को निर्देश दिए कि यदि तय समय सीमा में नियमानुसार सफाई कार्य पूरा नहीं हुआ तो उच्चाधिकारियों को इस संबंध में रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी। 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच डीसी ने कलायत शहर के आस-पास की ड्रेनों की पटरियों को कई जगह पैदल ही नाप डाला और आज के उनके निर्धारित शेड्यूल से बाहर के प्वाइंटस पर जाकर भी सफाई कार्य का बारीकि से निरीक्षण किया। डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून के दौरान जल बहाव में सफाई न होने के कारण रुकावटें पैदा होती हैं। ड्रेनों में जलखुंबी हो या पेड़-पौधों की टहनियां, गाद व अन्य कारण, ये सभी कारण बहाव में रुकावट बनते हैं और जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इसी कारण समय रहते सभी ड्रेनों की सफाई जरूरी है। जहां गाद निकालने की आवश्यकता है, वहां से गाद निकाली जाए। जहां जलखुंबी है, उसे हटाया जाए। साथ ही ड्रेनों में झुके पेड़ों की वन विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर टहनियों की छंटनी की जाए। डीसी प्रीति ने कलायत एसडीएम को कहा कि वे स्वयं ड्रेनों की सफाई कार्य की निगरानी करें और एक शेड्यूल निर्धारित कर उसके अनुसार ड्रेनों की सफाई करवाएं।

सबसे पहले डीसी प्रीति कलायत शहर से पहले पूंडरी-2 से खरक ड्रेन में पहुंचीं। जहां उन्होंने ड्रेन की चौड़ाई व गहराई की पैमाइश करवाई। इसके बाद उन्होंने पूरी ड्रेन की सफाई व पुलों के नीचे से मिट्टी हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी कपिलमुनि ड्रेन पर पहुंचीं। जहां उन्होंने सफाई कार्य से असंतुष्टि जताते हुए कहा कि



इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने शहर के अंदर से कवर की गई ड्रेन की भी सफाई के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को निर्देश दिए कि वे पता लगाएं कि कवर करने के दौरान सफाई के लिए इस ड्रेन के निर्माण में क्या प्लानिंग थी। इसके बाद पूंडरी-ड्रेन नंबर 2 के अंतिम छोर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों को गाद निकालने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। डीसी ने इसके बाद कलायत से कौलेखां व भाणा से शिमला भाणा ब्राह्मणा ड्रेन का दौरा किया। जहां दो जगह मनरेगा से सफाई कार्य करवाया जा रहा था। वहीं दूसरी जगह सफाई कार्य की शुरूआत की जानी थी। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि वे सफाई कार्य को गंभीरता से निपटाएं। जहां काम शुरू नहीं हुआ है, उसे तुरंत शुरू करवाया जाए। मनरेगा आदि की जरूरत हो या फिर वन विभाग से तालमेल करते हुए छंटाई की जानी हो तो आपसी तालमेल से छंटाई करवाएं। मनरेगा के लिए अपनी जरूरतों से एसडीएम को अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य को पूरी मशीनरी लगाते हुए व जरूरत अनुसार लेबर लगाते हुए पूरा करवाएं। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए डीसी प्रीति ने कहा कि कलायत क्षेत्र में ड्रेनों के निरीक्षण में सिंचाई विभाग ने कई जगह काम शुरू कर दिया है। कुछ खामियां मिलीं हैं, जिन्हें दूर करने के लिए कहा गया है। नगर पालिका की ड्रेन में सफाई कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया है। इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जो इस ड्रेन का कवर्ड एरिया है, उस बारे में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम कलायत के कार्य की सराहना करते हुए डीसी ने कहा कि उन्होंने अच्छे ढंग से इस कार्य की निगरानी की है। आगे भी इसे एक टीम की तरह से काम पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि डीसी महोदया की अगुवाई में कलायत की पांच ड्रेनो का निरीक्षण किया गया है। इन ड्रेनों की मानसून से पहले सफाई करवा दी जाएगी। ताकि कलायत में बाढ़ जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। काम शुरू हो गया है, इसे तेज करने की आवश्यकता है। पूरे कार्य को फिर से रि-शेड्यूल करके पूरा किया जाएगा। डीसी महोदया ने समय से काम पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देशानुसार समय अनुसार काम पूरा करवा दिया जाएगा।

## एक देश-एक चुनाव से देश के संसाधनों की होगी बचत, प्रशासनिक कार्यक्षमता भी बढ़ेगी : गंगवा



**हिसार, 7 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ओम यूनिवर्सिटी, हिसार में आयोजित वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर आधारित संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक देश-एक चुनाव की अवधारणा देश के संसाधनों की बचत करने, प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के विचार-विमर्श युवाओं में जागरूकता और नीति निर्माण में भागीदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित होते हैं। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन से प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा और देश भर में एकरूपता आएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और विषय से जुड़ी संभावनाओं तथा चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, भाजपा हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी आदि उपस्थित रहे।

## इनेलो की हलका स्तरीय मिटिंग जुंडला में आज : मेहर सिंह



**चिड़ाव, 7 जून ( प्रवीन कुमार ) :** इनेलो की हलका स्तरीय मिटिंग का आयोजन आज जुंडला के एक निजि पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा बतौर मुख्यातिथि शिरक्त कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए इनेलो के हलकाध्यक्ष मेहर सिंह जुंडला ने बताया कि इस मिटिंग में असंध हलका की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जुंडला ने बताया कि इस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यकर्ताओं में मिटिंग को लेकर उत्साह बना हुआ है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूती देने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में इनेलो का ग्राफ बढेगा और इनेलो एक मजबूत विकल्प के तौर पर लोगों की पहली पसंद बनेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में इनेलो के राष्ट्रीय सचिव धर्मबीर पाढ़ा, इनेलो किसान सैल के प्रदेशाध्यक्ष फूलसिंह मंजूरा, जिला प्रधान सुरजीत पहलवान, पूर्व प्रधान यशवीर राणा, सुरजीत संधू सहित असंध हलका के कार्यकर्ता पंहुचेगें। इस अवसर पर उनके साथ अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव रामफल जुंडला, देवेन्द्र शर्मा मुख्यातौर पर मौजूद रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**चिड़ाव, 7 जून ( प्रवीन कुमार ) :** कस्बा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम जुंडला के सहयोग से पार्क अस्पताल सीएचडी सिटी करनाल के तत्वाधान में आयोजित जांच शिविर में ग्रामीणों ने अपने विभिन्न रोगों की जांच करवाई। शिविर में डा. आदिल जोखी, डा. हरप्रीत सिंह, डा. लोकेश कुमार, नर्सिंग स्टाफ रजत कुमार दीपिका एवं पवन कुमार ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। जांच शिविर में न्यूरो, हडडी रोग, आंखों की जांच, हार्ट रोग, बीपी एवं शुगर के रोगों की जांच की गई। पार्क अस्पताल से आए कैप्टन दलबीर सिंह विर्क ने जानकारी देते हुए बताया कि ईसीजी सहित सभी रोगों के टैस्ट निशुल्क किए गए एवं इन सभी रोगियों को 5 दिनों की दवाई फ्री दी गई। दलबीर सिंह विर्क ने बताया कि पार्क अस्पताल रोगियों को सुविधाएं देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इस प्रकार के कैंप आयोजित कर लोगों के रोगों का निवारण करने का प्रयास कर रहा है।

प्रधान राजेंद्र कपूर ने बताया कि अस्पताल द्वारा एक अच्छी पहल की गई है जिसका ग्रामीणों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में 120 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थय की निशुल्क जांच करवाई। ग्रामणों का कहना है कि इस कैंप के आयोजन से जहां उनके पैसे की बचत हुई वहीं उनके समय का भी बचाव हुआ है। इस प्रकार के जनहित के आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिएं ताकि गरीब परिवार इन कैंपों के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के प्रधान राजेंद्र कपूर, पूर्व प्रधान कृष्ण कपूर, सचिव सुनील शर्मा, इंचार्ज रवि कश्यप, राहुल शर्मा एवं संजीव शर्मा मुख्यातौर पर मौजूद रहे।

# डंपिंग प्वाइंट को हटाने की प्रक्रिया तेज, बदबू से बेहाल नीलोखेड़ी की जनता को मिलेगा छुटकारा



**नीलोखेड़ी, 7 जून ( सुरेश कुमार मिड्डा ) :** कई साल पुराने डंपिंग प्वाइंट के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगरपालिका ने इसके निस्तारण के लिए टेंडर काल किए थे। एम ई के स्थानांतरण की वजह से टेंडर्स को खोला नहीं जा सका है। टेंडर को खोलने को बाद इसे यहां से हटा दिया जाएगा। यह डंपिंग प्वाइंट लोगों के लिए अभिशाप बना हुआ है। पोल्ट्री एरिया के लोग डंपिंग प्वाइंट से बेहद दुखी हैं। हवा का रुख जिस तरफ होता है। मामूली हवा चलने पर बदबू से लोगों का बुरा हाल हो जाता है। इसे यहां से हटाने के लिए नपा के समक्ष अनेक बार गुहार लगाई गई लेकिन किसी न किसी कारणवश इसे हटाने का काम सिरे नहीं चढ़ सका। पिछले साल हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने इसे हटाने के लिए 58 लाख रुपए स्वीकृत किए। परंतु राशी स्वीकृत होने के बाद लोकसभा, विधानसभा और पार्षद पद चुनावों के मद्देनजर लंबे समय तक आचार संहिता लागू रहने से डंपिंग प्वाइंट के निस्तारण की योजना लटकती चली गई। मार्च महीने में पार्षद व अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद नपा ने डंपिंग प्वाइंट के निस्तारण के लिए टेंडर कॉल किए हैं। टेंडर को खोला जाना शेष है। यहां बनेगा पार्क-डंपिंग प्वाइंट के हटने के बाद नपा यहां पर शानदार पार्क बनाने की योजना बना रही है। नपा ने गत दिनों पार्षदों की बैठक में शहर में एक बढ़िया पार्क बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि डंपिंग प्वाइंट के निस्तारण के लिए नपा ने ऑनलाइन टेंडर काल किए थे। टेंडर छूटने के बाद इसके निस्तारण की कार्यवाही शुरू हो जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास का हुआ भव्य आयोजन



**निसिंग/पूंडरी, 7 जून ( जोगिंद्र सिंह/जगदीश दहिया ) :** बाबू अनंतराम जनता कॉलेज कौल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन आयुष निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बाबू अनंतराम जनता कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल नेतृत्व में तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के सैकड़ों से अधिक शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन आदि विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने अपने संबोधन में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। यूं तो योग के सभी प्रकार के आसन शरीर के लिए लाभदायक होते हैं लेकिन कुछ आसन ऐसे हैं जो शरीर के लिए अत्यंत जरूरी हैं इनका अभ्यास रोज करना चाहिए. इन योगासनों के अभ्यास से आप तन और मन दोनों से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा, बल्कि कॉलेज परिवार में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का संचार भी हुआ। प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने आयोजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बुजुर्गों के लिए खाने पीने की वस्तुओं का किया वितरण



**लाडवा, 7 जून ( रामगोपाल ) :** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग लाडवा द्वारा एकादशी के शुभ अवसर पर बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम आश्रम में पूजनीय बुजुर्गों के लिए खाने पीने की वस्तुओं का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर महिला विंग प्रधान उर्मिल अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत सौभाग्य की बात है कि हम इस पावन पर्व पर हमने बुजुर्गों को दान और सेवा करने का महत्व सीखा है। हमारा मानना है कि बुजुर्गों को प्यार और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर महिला विंग की सभी महिलाओं ने बुजुर्गों को खाने पीने की वस्तुओं का वितरण करके उनका आशीर्वाद लिया। इससे पहले महिला विंग की सभी महिलाएं ने गौशाला गायों को चारा खिलाया और उनकी सेवा की। इस अवसर पर उर्मिला सिंगल, कमलेश, सुनीता, उषा, स्नेह रश्मि सीमा सोनिया राज मिथिलेश शकुंतला पायल, रेखा, नेहा, सरिता, बबीता सहित महिला विंग की सभी महिलाएं उपस्थित रही।

## सरकार पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को फायदा पहुंचाने को वचनबद्ध : योगेन्द्र राणा



**करनाल, 7 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव दादूपुर में विभिन्न पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को समर्पित किए। विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव दादूपुर से सिरसी व जुंडला को जोड़ने वाले पक्के मार्ग के निर्माण कार्य उद्घाटन किया, इसके अलावा उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दादूपुर में नवनिर्मित मुख्य द्वार, गेट तथा प्रार्थना ग्राउंड के स्टेज पर बने शैड का उद्घाटन, आंगनवाड़ी केंद्र भवन एवं शौचालय के नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने पर उसका उद्घाटन, प्रजापत चौपाल के संपूर्ण नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन, गांव की मैन फिरनी से लखपत सिंह के घर तक नव निर्मित गली एवं नाली का उद्घाटन एवं सुरेंद्र पुत्र सूरत सिंह के डेरे तक बने रास्ते का भी उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यवस्था परिवर्तन का जो दौर शुरू हुआ था। वह अगले पांच साल भी इसी रफ्तार से जारी रहेगा। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए वचनबद्ध है और इसी लिए देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार लोगों ने बनाई है और जनता की सुविधाओं को समर्पित ये कार्य गांव के समग्र विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम हैं। इस अवसर पर चिड़ाव ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश दादूपुर, जुंडला मंडल अध्यक्ष सुलेंद्र कादियान, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, जुंडला मंडल महामंत्री सुशील शर्मा, राहुल, माया राम, गांव दादूपुर सरपंच यशवीर, एम.पी. दादूपुर, एस सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जानी, जिला सोशल मीडिया प्रमुख बब्बू मंजूरा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष परवीन कुमारी, गांव शाहपुर के सरपंच चंद्र मोहन एवं संजीव सहित अन्य मौजूद रहे।

## एकजुटता और समर्पण की प्रेरणा देता है ईद उल अजहा : सुमन बहमनी



**यमुनानगर, 7 जून ( दिनेश कुमार ) :** ईद उल अजहा के अवसर पर पुराना हमीदा स्थित ईदगाह में भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर सुमन बहमनी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस मौके पर उन्होंने त्याग, भाईचारे और इंसानियत के मूल्यों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन को विशेष रूप से उल्लेख किया। मेयर सुमन बहमनी ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर है। बीते 11 वर्षों में देश में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिले हैं। चाहे वह आधारभूत ढांचे का विकास हो, स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान हों या फिर डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे जन-सरोकार से जुड़े बड़े कदम। यह बदलाव हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ईद उल-अज़हा का पर्व हमें एकजुटता और समर्पण की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि त्याग और भाईचारा ही समाज की असली पूंजी होते हैं। हम सभी को मिलकर न केवल सामाजिक समरसता बढ़ानी है, बल्कि देश की प्रगति में भागीदार भी बनना है। मेयर बहमनी ने कहा कि स्वच्छता एक आदत है, जो समाज को स्वास्थ्य, सुंदरता और सम्मान की ओर ले जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने पूरे देश में जागरूकता पैदा की है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे केवल सरकारी योजना न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ और अमन-चैन की कामना के साथ हुआ। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में सौहार्द, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



## मीठे पानी की लगाई छबील

**मूनक, 7 जून ( जय भगवान ) :** गांव मूनक में शिव मंदिर में मीठे पानी की छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों व ग्रामीणों की प्यास बुझाई । यह छबील समस्त पंजाबी समाज के सहयोग से लगाई गई । कमेटी के प्रधान बावा जग्गा ने कहा कि जेठ मास के महीने में छबील लगाने की परंपरा चली आ रही है।

पहले गांव में रास्तों पर प्याऊ को बिठाया करते थे। सभी धर्म के लोग सभी लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी में ज्यादा होने के कारण राहगीरों के लिए छबील लगाई जाती है। इस दौरान समाज के सभी कमेटी के मेंबर मौजूद रहे।

## एकादशी पर ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास



**करनाल, 7 जून ( संदीप रोहिला ) :** एकादशी के अवसर पर ठंडे व मीठे पानी की छबील लगाई गई द्य मंदिर के प्रधान महेन्द्र राठी व मंदिर के महासचिव जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री विष्णु मंदिर सभा ने हर वर्ष की भांति इस बार भी यह छबील लगाई है। अधिक गर्मी में राहगीरों व नागरिको की प्यास बुझाने के लिए एकादशी के अवसर पर छबील लगाने का विशेष महत्व है। इस छबील के लिए मंदिर के सेवादारो ने आज प्रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। श्री विष्णु महिला मंडली व भगवान श्री विष्णु मंदिर सभा की कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौके पर उपस्थित रहे और खूब सेवा की। सदस्यों ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले वाहन चालको को रोककर ठंडा व मीठा पानी पिलाया। उन्होने कहा कि हमें समय-समय पर इस तरह के आयोजन करते रहने चाहिए। इस तरह के कार्य से पुण्य का फल भी मिलता है।

# पेड़ पौधों के बिना जीवन असंभव : डा. भारती वत्स

**मूनक, 7 जून ( जय भगवान ) :** गांव मूनक उप स्वास्थ्य केंद्र में आयूष विभाग के द्वारा औषधालय पौधे बाटें व लगाए गए। यह पौधे डॉक्टर भारती वत्स की देखरेख में बांटे गए और उप स्वास्थ्य केंद्र पर पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने बताया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन में लाभकारी होते हैं । पेड़ हवा को शुद्ध कर वातावरण को शुद्ध करते हैं व वर्षा लाने में भी सहयोगी होते हैं। उन्होंने पेड़ लगाने के लिए सभी को प्रेरित किया। अधिक से अधिक पेड़ लगाए ताकि वातावरण शुद्ध हो दमा सांस की बीमारी न हो। इन पौधे का तना, शाखा, जड़, पत्ते अनेक प्रकार की दवाइयां में काम आते है। हमें अपने घर आंगन, खेत खलियान में आवश्यक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। सीएचओ अनिल कुमार, एएनएम सरिता, सर्विस स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं : प्रदीप गर्ग



**असंध, 7 जून ( दलसिह मान ) :** जेठ माह की द्वादशी के उपलक्ष्य स्थानीय दुकानदारों ने बाजार में कढ़ी चावल का भंडारा लगाया। जिसमें राहगीरों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी केवल मदान व गारमेंट एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप गर्ग ने कहा कि भंडारा लगाना पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। भंडारे के आयोजन हमारे समाज की एकता को मजबूत करते हैं। भंडारा कार्यक्रम में सभी वर्ग एक साथ एक स्थान पर बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे समाज में भाईचारा और मजबूत होता है। इस अवसर पर प्रवीण पाहवा, लक्की, अखिल, दीपू, वेद मित्तल, राजेश मदान, अजमेर, हरीश मदान, बाबू राम, महाबीर गर्ग, राजकुमार, लक्की कालड़ा, बाबु गोयल व चीमा सहित अन्य मौजूद रहे।

## सुखवंत सिंह बने अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद् के जिला उपाध्यक्ष



**बाबैन, 7 जून ( राजेश कुमार ) :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली व हरियाणा कोर कमेटी द्वारा समाजसेवी सुखवंत सिंह कसीथल को जिला कुरूक्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष सुखवंत सिंह ने कहा है कि संगठन ने जो उन्हें जो जिम्मेवारी दी है, उसे वे पूर्णरूप से निभाएगें और राज्य और केंद्र सरकार की अनुसूचित जाति जनजाति समाज के कल्याण की चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगें। सुखवंत सिंह ने हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सहित समस्त केंद्र और प्रदेश कोर कमेटी का बहुत बहुत आभार प्रकट किया।

## भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के द्वारा लगाई गई बाबैन में जलजीरे की छबील

**बाबैन, 7 जून ( राजेश कुमार ) :** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के द्वारा बाबैन में जलजीरे की छबील लगाई। जिसमें काफी संख्या मे आने जाने



वाले लोगों ने ठण्ड़ा जल पीकर गर्मी से राहत महसूस की। बाबैन के लाड़वा-शाहबाद रोड़ पर जलजीरे की छबील लगाई गई। इस मौके पर विक्रमयोग भारती ने कहा कि गर्मी के मौसम में भारतीय जन चेतना पार्टी के सदस्यों ने सामूहिक रुप से मिलकर लोगों को हर साल जलजीरे की छबील लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के सामाजिक व धार्मिक कार्यों मे बढ़-चढ़ कर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्यासे को जल पिलाना एक बहुत पुण्य का कार्य माना जाता है और हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी प्यासे को जल पिलाने का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति मे खुद भूखे व प्यासे रह कर दूसरे व्यक्ति को खाना देने व जल पिलाने को एक श्रेष्ठ समाजिक कार्य माना गया है। जल ही जीवन है इसलिए जल की महत्ता को देखते हुए हमें जल बचाने के लिए लोगों को प्रतोसाहित करना चाहिए। इस आयोजन मे विक्रमयोग भारती, रीना सैनी, मोहन सैनी, रामपाल, संदीप बिंट, बबलु बिंट, राजू, बीरबल, सूर्या प्रकाश, प्रवीन सैनी, रेनु बिंट, कैलाशो देवी, अनीता देवी सहित अन्य सदस्यों ने भरपूर सहयोग दिया।

## यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाने का कार्य मानसून से पहले हो पूरा : डीसी



**करनाल, 7 जून ( यशपाल कादियान ) :** करनाल के डीसी उत्तम सिंह ने गत दिवस करनाल व इंद्री उपमंडल के यमुना के साथ लगते गांवों का दौरा किया। इस दौरान जहां-जहां यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाने का कार्य किया जा रहा है, उसका निरीक्षण किया व सिंचाई विभाग को मानसून के आने से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इंटरनल ड्रेन जैसे दलियानपुर ड्रेन, हनौरी मेन ड्रेन, माहनमति ड्रेन, छपरिया ड्रेन का भी दौरा किया और इनके सफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी उत्तम सिंह सिंचाई विभाग के अधिकारियों व इंद्री व करनाल के एसडीएम के साथ जड़ौली गांव में स्थित जड़ौली कॉम्पलेक्स पर पहुंचे। यहां उन्होंने यमुना के तटबंध मजबूत करने के लिए पत्थर लगाए जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 30 जून तक यह कार्य हर हालत में पूरा होना चाहिए। इसके उपरांत उन्होंने मोदीपुर गांव में यमुना के तटबंध का निरीक्षण किया और पत्थर लगाए जाने के कार्य के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के आने से पहले इस कार्य को हर हालत में पूरा किया जाए। इसके लिए जो भी मशीनरी इस्तेमाल करनी है, उसका इस्तेमाल करें और पूरा करें। डीसी उत्तम सिंह ने बुढ़ाखेड़ा गांव में दलियानपुर ड्रेन, महनमति ड्रेन, खेड़ा गांव में हनौरी मेन ड्रेन, खेड़ा गांव में ही खेड़ा ड्रेन, बुढ़नपुर गांव में छपरियो ड्रेन, हनौरी गांव में मुरादनगर ड्रेन नंबर-1 का भी दौरा किया। उन्होंने इन ड्रेन की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन इंटरनल ड्रेन की सफाई के कार्य को भी मानसून से पहले पूरा कर लिया जाए। आमजन को किसी तरह की परेशान की सामना न करना पड़े। इसके लिए सिंचाई विभाग संकल्पित होकर कार्य करे। मानसून के सीजन में जिन-जिन जगहों पर तटबंध टूटने के आसार रहते हैं, उन पर विशेष रूप से फोकस करे और उन्हें मजबूत करने का कार्य करे। इस मौके पर उनके साथ करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार, सिंचाई विभाग के एक्सईएन मनोज कुमार, एक्सईएन रणबीर सिंह, एसडीओ करनैल सिंह, एसडीओ जगबीर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता में आर्य कन्या गुरुकुल की खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**मूनक, 7 जून ( जय भगवान ) :** आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा की खिलाड़ियों ने अंडर 17, अंडर 21, सीनियर व केसरी में 10 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता करनाल में 2 जून से 3 जून तक कर्ण स्टेडियम में आयोजित हुई। जिसमें प्रथम स्थान अंडर 17 में एंजल 46 किलोग्राम, मोना 53 किलोग्राम, वीना 61 किलोग्राम, दीपिका 65 किलोग्राम ने प्राप्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। इनका चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। द्वितीय स्थान दीपिका 43 किलोग्राम, अपेक्षा 53 किलोग्राम, पूजा 57 किलोग्राम, तीन खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल किया। केसरी में दीपिका ने 60 किलोग्राममें द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक हासिल किया। तृतीय स्थान अंतिम 46 किलोग्राम, अर्चना 65 किलोग्राम ने कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों का गुरुकुल में पहुंचने पर गुरुकुल प्रधान सुखबीर सिंह मान ने फूलों की माला डालकर का स्वागत किया। इस अवसर पर उप प्रधान भूपेंद्र सिंह मान, सचिव ओमप्रकाश, मेहर सिंह, पूर्व प्रधान दिलीप सिंह मान, पूर्व सचिव राम सिंह एवं अन्य सभी कार्यकारिणी सदस्य व गुरुकुल विद्यालय प्रधानाचार्य गुरप्रीत कौर, कोच अंजू मलिक इन सब ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उत्साह वर्धन किया।

## सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का केंद्र हमारे धार्मिक स्थल : रणबीर गंगवा




**हिसार, 7 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज गांव बाडोपट्टी में श्रद्धा और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की नींव रखी। इस अवसर पर ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधान से भूमि पूजन की प्रक्रिया पूरी की गई। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने इस शुभ अवसर पर भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर केवल ईश्वर भक्ति का स्थान नहीं होता, बल्कि वह सामाजिक एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार का भी केंद्र होता है। उन्होंने कहा कि राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण न केवल गांववासियों की धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि गांवों में धार्मिक स्थल सामाजिक जीवन की धुरी होते हैं, जहां लोग न केवल पूजा करते हैं, बल्कि एक-दूसरे से संवाद कर सामाजिक एकता को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मंदिर निर्माण के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे हैं। गंगवा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना से मंदिर निर्माण में सहयोग करें और इसे एक प्रेरणादायी स्थान बनाएं। इस मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों, ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने मंत्री का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि यह मंदिर पूरे क्षेत्र के लिए एक नई सांस्कृतिक दिशा का प्रतीक बनेगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पोहा, जलेबी के बहाने मिला रिश्ता को मजबूती का आधार

**जबलपुर, 7 जून ( निस ) :** विश्व पोहा दिवस पर शनिवार को महापौर ने एक नई पहल की। व्यस्त दिनचर्या से हटकर पोहा दिवस पर उन्होंने अपने शासकीय आवास पर सुबह सुबह पोहा जलेबी के नाश्ते का इंतजाम किया। इस मौके पर न केवल वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बल्कि नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकार भी शामिल हुए। सभी ने पोहा जलेबी का लुफ्त उठाया।

शनिवार की यह सुबह महापौर की यह पहल मानवीय रिश्तों को मजबूत करने का आधार भी बनी।

विश्व पोहा दिवस पर यह पहल नाश्ते की सुबह नहीं थी, बल्कि आत्मीयता और अपनेपन और अनोखे एहसास की सुबह भी थी, जहां सभी मिलजुलकर बैठे, अपने विचार साझा किए और एक दूसरे से खुलकर बातें भी की। विश्व पोहा दिवस कार्यक्रम के आयोजक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि हर कोई अपने काम में व्यस्त रहता है लेकिन ऐसे अवसर भी आने चाहिए जब व्यक्ति आराम से बैठकर अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर सके। एक दूसरे से अपने सुख दुख साझा कर सके।

इस पहल ने यह साबित कर दिया कि हमारी भारतीय संस्कृति में ऐसी कई छोटी छोटी चीजें हैं जो हमें जीवन की आपाधापी से बाहर लाकर एक दूसरे के करीब लाती है। विश्व पोहा दिवस पर जहां लोग खान पान के बहाने अपने सामाजिक ताने बाने को और भी मजबूत कर सकते हैं। महापौर ने कहा कि निश्चित तौर से जबलपुर से शुरु हुई यह पहल अन्य शहरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।

## नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन कर घरों में की गई जांच



**कैथल, 7 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** नशा तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देसानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। शनिवार की सुबह थाना कलायत, राजौंद, गुहला क्षेत्र में कमांडो दस्ते के साथ 25 पुलिस टीमों में शामिल करीब 200 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाईपर डॉग की सहायता से सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व करीब 150 संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि सुबह-सुबह चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## आलीशान घर, 2 एसयूवी, पूर्व सरपंच का परिवार मनरेगा मजदूर

**ग्वालियर, 7 जून ( निस ) :** ग्वालियर चंबल संभाग में मनरेगा का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां की पूर्व सरपंच साबदी बाई, जिनके परिवार के पास दो एसयूवी, एक आलीशान मकान है। सरकारी रिकॉर्ड में लगभग पूरा परिवार मजदूर के रूप में दर्ज हैं। उनके पति पंजाब सिंह यादव, बेटा आकाश समेत परिवार के कुल 8 लोगों के नाम से जॉब कार्ड बने हैं। इन्हें 240 रुपए दिहाड़ी के रूप में को हजारों रुपए महीने का भुगतान मनरेगा के तहत किया गया है।

जिन के पास चार पहिया वाहन हैं। यह लोग मनरेगा में मजदूरी नहीं कर सकते। जनपद पंचायत भितरावर के सीईओ एलान पिप्पल का कहना है, पूर्व सरपंच साबदी बाई और उनके परिवार के मजदूरी करने की जानकारी उन्हें नहीं है। सरकारी पोर्टल से मिली जानकारी के अनुसार, सरबदी बाई ने 17 जून से में 7 जुलाई 2024 तक सड़क निर्माण मे मजदूरी की। ग्वालियर चंबल संभाग में मनरेगा में लाखों रुपए महीने का घोटाला पंचायत स्तर पर हो रहा है। मनरेगा के कामों में फर्जी फोटो लगाकर भुगतान प्राप्त किया जा रहा है। यह इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है।

## गौ-सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं : कर्मसिंह जाम्बा



**तरावड़ी, 7 जून ( छाया शर्मा ) :** बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला बोहला खालसा की बैठक बुलाई गई। सर्वप्रथम विदेशी भूमि पर गौमाता के लिए सहयोग करने वाले गौभक्त सुरेंद्र खेड़ी रामनगर, प्रदीप जाम्बा का जोरदार स्वागत किया। जिसमें बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला प्रधान लाला सुन्दर लाल गुप्ता ने सभी के समक्ष एक वर्ष का लेखा जोखा पेश किया। इसके साथ ही गौसेवा में समर्पित स्वामी गोपाल गोस्वामी जी के आशीर्वाद से व बोहला खालसा के सरपंच नवाब गुर्जर व बोहली के सरपंच प्रतिनिधि पंकज गुर्जर के साथ सभी गौभक्तों के सहयोग से दुबारा फिर पुरानी कमेटी की कार्यशैली को देखते हुए मौका दिया गया। सभी ने एक मत में कहा कि गऊशाला कमेटी बहुत ही निष्ठा से अपना कार्य कर रही है। फिर इस कमेटी को ही सेवा करने का मौका दिया जाए। हम सब इस कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। इस अवसर पर चेयरमैन चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने कहा कि गौ-सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इससे पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि गौशाला में सभी लोगों ने गौ-सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान लाला सुन्दर लाल गुप्ता, उपप्रधान जगदीश सांवत, संरक्षक लाला बृजभूषण व जयमल नंबरदार, महासचिव हरिश्याम, अमित गुप्ता तरावड़ी, बलबीर प्रजापत व हरिदास सिंगला निसिंग, सहसचिव सूरजभान मोहड़ी व आशु बवेजा, सचिव नरेश व सुमित प्रबंधक सेवा सिंह घोलपुरा, रामचंद्र शर्मा व रजत सहप्रबंधक सुरेंद्र घोलपुरा व कुलदीप गौ प्रबंधक रमेश, दर्शन व आशु, लेखाकार मुल्तान सिंह बोहली, सलाहकार सुनीता तेहरी, उदय सिंह व गुलाब सिंह सहप्रधान करेशन मोहड़ी, खजांची महेन्द्र मोहड़ी, संजीव घोलपुरा व मीडिया प्रभारी महाबीर मैहला को मनोनीत किया गया। सभी ने गौभक्तों का आभार जताते हुए पूर्ण रूप से सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर हरि कृष्ण मुन्नारेहड़ी, पूर्व प्रधान लाला सतपाल तरावड़ी, लाला रोशन लाल गुप्ता, ईशम बैरागी, राजेंद्र राणा, धर्मपाल गुर्जर मोहड़ी ठेकेदार, बाबू राम स्वामी, सिल्लू बुढ़ेड़ा समेत कई गौभक्त शामिल रहे।

## शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने व सड़क अधोसंरचना सुदृढ़ करने की परियोजना पर हुई बैठक



**हिसार, 7 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा की अध्यक्षता में शनिवार को हिसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और अधोसंरचना को आधुनिक रूप देने हेतु एक विस्तृत परियोजना पर प्रस्तुति दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना, सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और भविष्य में शहरी विस्तार को सुनिश्चित करना है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं में तेजी लाई जाए और यथाशीघ्र सभी विभागों से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जाएं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, बल्कि हिसार के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। हिसार शहर में ट्रैफिक दबाव को कम करने तथा नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को जाम से जल्द से जल्द मुक्त किया जाए और इस दिशा में सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से सेक्टर 14 से रेड स्क्वायर मार्किट तक सर्विस रोड सहित एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने, लक्ष्मीबाई चौक से टाउन पार्क तक सड़क को फोरलेन से सिक्स लेन करना, सेक्टर 14 से लेकर सिविल अस्पताल चौक तक यातायात यात्रा में सुधार तथा सिविल अस्पताल चौक से बरवाला चुंगी तक, डाबड़ा चौक व जिंदल चौक, सुशीला भवन के समीप राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास तथा साउथ बाइपास पर लघु सचिवालय के समीप बने विभिन्न रास्तों पर स्लीप रोड के निर्माण, पारिजात चौक तथा ग्रीन स्क्वायर मार्किट व कपड़ा मार्केट के समीप टी प्वाइंट बनाने तथा रोड को चौड़ा करने जैसे उपायों पर कार्य करना, जिंदल आरओबी के समानांतर अतिरिक्त आरओबी का निर्माण, डाबड़ा माइनर पर राजगढ़ रोड स्थित गवर्नमेंट कॉलेज के सामने से लेकर तोशाम रोड तक नए मार्ग के निर्माण, डाबड़ा चौक से निरंकारी भवन होते हुए दोनों फाटक पर आरओबी या आरयूबी का जल्द से जल्द निर्माण एवं राजगढ़ रोड पर फ्लाईओवर जैसे विषयों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री को अवगत करवाया गया कि शहर में एलिवेटेड कॉरिडोर केवल सेक्टर 14 से रेड स्कवेयर मार्किट तक प्रासंगिक रहेगा।

यह परियोजना ट्रैफिक के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करेगी, वहीं लक्ष्मीबाई चौक से टाउन पार्क तक की सड़क को चौड़ा करने से ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और यात्रा समय घटेगा। उक्त परियोजनाओं में डीएचबीवीएन, पीएचईडी, बीएसएनएल, सिंचाई, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पर्यटन, वन तथा रेलवे इत्यादि से औपचारिकताएं पूर्ण करवानी होंगी। इसके लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने विभागों के लिए समय सीमा निर्धारित की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डाबड़ा माइनर पर वर्षों से हो रहे कब्जों को तुरंत हटाया जाए और वहां सडक़ निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता को राहत देने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर दिखाई दें। शहर के प्रमुख जंक्शनों पर सुधार कार्य, सडक़ों की चौड़ाई बढ़ाने, पार्किंग की व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने जैसे जरूरी कदम तत्काल प्रभाव से शुरू किए जाएं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएं देना है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने बताया कि दक्षिण बाईपास पर अश्व प्रजनन केंद्र के समीप फाटक पर आरओबी बनाने का टेंडर लगा दिया गया है। वर्क अलॉट होने पर इस पर जल्द कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण बाईपास पर सातरोड के पास बन रहे आरओबी के निर्माण में देरी पर अधिकारियों से जवाब मांगा, जिसपर उन्हें अवगत करवाया गया कि 31 अगस्त तक इस ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अगली बैठक 20 जून के आसपास लेंगे। उस बैठक में सभी विभाग प्रगति रिपोर्ट को साथ लेकर आएं, साथ ही शहर में पार्किंग के लिए चयनित किए जाने वाले स्थानों की सूची भी साथ लाएं। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि शहर में सड़क और पार्किंग की स्पष्ट मार्किंग की जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि सड़कों की बाउंड्री लाइन चिन्हित हो और उसके बाहर खड़े वाहनों को तुरंत लिफ्ट कर जुर्माना लगाया जाए, ताकि अनाधिकृत पार्किंग पर नियंत्रण हो सके और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके। डॉ कमल गुप्ता ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि शहर की ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतु शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कार्यों की एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग आपसी समन्वय से क्रांतिकारी कदम उठाएं, जिससे हिसार को जाम मुक्त शहर बनाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा हो सके। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, महापौर प्रवीण पोपली, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, भाजपा नेता प्रवीण जैन, ललित शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद नवीन जिन्दल हर वर्ग और क्षेत्र की भावनाओं का करते हैं सम्मान : नरेंद्र सैनी



**लाडवा, 7 जून ( रामगोपाल ) :** सांसद नवीन जिन्दल की ओर से नरेन्द्र सैनी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुढ़ा ने गांव बरगट जाटान में पहुंचकर चल रहे शिव मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग करने के लिए दान स्वरूप सहायता राशि का चेक समिति सदस्यों और गांव के गणमान्य व्यक्तियों को सौंपा। यह आर्थिक सहायता गांव के धार्मिक व सांस्कृतिक विकास के प्रति उनकी गहरी आस्था और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल के लिए गांव के लोगों और मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर नरेंद्र सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुढ़ा ने कहा कि यह सहयोग न केवल मंदिर निर्माण को गति देगा बल्कि समाज में धार्मिक एकता और जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने एक सच्चे जनसेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं, हर वर्ग और क्षेत्र की भावनाओं का सम्मान करते हैं। सांसद नवीन जिन्दल सदैव जनता के कल्याणार्थ कार्यों में लगे रहते हैं और समाज के धार्मिक, शैक्षिक व विकासात्मक कार्यों में योगदान देने में हमेशा आगे रहते हैं। इस अवसर पर मंडल महामंत्री विजय कुमार, सरपंच रामकरण, सोम प्रकाश, नरेंद्र पूनिया, सुल्तान सिंह, संदीप कुमार, ओम प्रकाश, श्याम लाल, रोहित कुमार, अनिल कुमार और सलिंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## 21 को योग दिवस कार्यक्रम में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा : उत्तम सिंह

**करनाल, 7 जून ( सुनील कुमार ) :** डीसी उत्तम सिंह ने जिलावासियों से आह्वान किया है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने कहा कि योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से निरोग रखता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। योग दिवस को लेकर जिला स्तर पर तैयारियां जारी हैं। विभिन्न विभागों द्वारा योग प्रोटोकोल का अभ्यास भी कराया जा रहा है। इस प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं का समावेश किया गया है। हर आयु वर्ग के व्यक्ति इस आसान क्रियाओं को कुछ सावधानियों के साथ आसानी से कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्हीं के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, 11 दिसम्बर 2014 को भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों के समर्थन के साथ स्वीकार कर लिया गया और 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस क्रम में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। करनाल में भी जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और योग की अलख जगाएं। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है। योग को भारत ने विश्व को दिया है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग का प्रचार-प्रसार किया।

आज विश्व भर के लोग योग कर रहे हैं और योगासनों का लाभ उठा रहे हैं। योग करने से शारीरिक रूप से तो स्वस्थ होते हैं हीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका बेहतर प्रभाव डालता है। 21 जून के कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग द्वारा तैयारियां शुरू की गई हैं। निरंतर योग अभ्यास किए जा रहे हैं। योग से न केवल स्वयं का बल्कि पूरे समाज का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि योग कला के साथ-साथ एक विज्ञान भी है। निरंतर योग करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए।

# स्थायी समिति के नामांकन आप भी करेगी नामांकन; इसे बनाएगी चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन का उम्मीदवार

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली नगर निगम की सर्वोच्च समिति स्थायी समिति के लिए आज नामांकन का आखिरी दिन है। आज के नामांकन के बाद 12 जून को चुनाव होंगे। ऐसे में मात्र सात सदस्यों वाली आम आदमी पार्टी भी नामांकन करने जा रही है। हालांकि 18 में से 11 सदस्य वाली भाजपा के प्रत्याशी का चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन बनना तय है। जहां स्थायी समिति के चेयरमैन के लिए जहां भाजपा गौतमपुरी वार्ड की पार्षद सत्या शर्मा को मैदान में उतार सकती है तो वहीं डिप्टी चेयरमैन के तौर पर भाजपा ने अभी अपना नाम तय नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक झिलमिल वार्ड से पार्षद पंकज लूथरा या फिर भाटी वार्ड से पार्षद सुंदर सिंह को प्रत्याशी बना सकती है। आम आदमी पार्टी अपने दूसरी बार के पार्षद और स्थायी समिति में पहले भी सदस्य रह चुके जनकपुरी पश्चिम वार्ड से पार्षद प्रवीण कुमार को चेयरमैन पद का प्रत्याशी बनाएगी जबकि डिप्टी चेयरमैन के तौर पर आप सुंदर नगरी से पार्षद मोहिनी जिंदवाल को प्रत्याशी बनाएगी। हालांकि दोनों का जितना मुश्किल हैं लेकिन आप भाजपा को खुला मैदान नहीं देना चाहती है। इसलिए संख्या बल कम होने के बाद भी प्रत्याशी उतारे जाएंगे। पंकज लूथरा और सुंदर सिंह दोनों ही ऐसे पार्षद हैं जिनके चुनाव को लेकर काफी हंगामा रहा है। पंकज लूथरा को जब सदन से स्थायी समिति का सदस्य चुना जाना था तो सदन में जोरदार हंगामा हुआ था जबकि सुंदर सिंह के निर्वाचन का मामला सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। सुंदर सिंह के चुनाव में जहां तत्कालीन महापौर शैली ओबेराय ने सदन की बैठक को स्थगित कर दिया था तो एलजी वीके सक्सेना ने एमसीडी एक्ट के अनुच्छेद 487 का उपयोग कर अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र यादव को पीठासीन अधिकारी बनाया था। इस चुनाव में आप ने हिस्सा नहीं लिया था।

# इंडिया गेट पर जाम से निपटने को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बनाया मास्टर प्लान

नई दिल्ली 7 जून (निस) राजधानी दिल्ली में इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अध्ययन किया है। इसमें जाम के कारणों का पता लगाने के साथ उसका समाधान भी तलाशा गया है। सुझाव के साथ नई दिल्ली रेंज के ट्रैफिक डीसीपी राजीव कुमार की तरफ से 28 मई को शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव को पत्र लिखा गया है। इसमें बताए गए सुझावों के माध्यम से जाम खत्म कराने में सहयोग करने की मांग की गई है। ट्रैफिक डीसीपी ने बताया कि 27 मई को सर्वे के दौरान देखने को मिला कि जाम का सबसे बड़ा कारण यहां होने वाली अवैध पार्किंग है। सी-हेक्सागान के पास सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, हैदराबाद हाउस, बड़ौदा हाउस, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम है। इसके अलावा इंडिया गेट और कर्तव्यपथ पर रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक भ्रमण करने आते हैं। वजह से यहां पर न केवल वाहनों, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों की भी भीड़ रहती है। खासतौर से व्यस्त समय में सी-हेक्सागान पर वाहन रेंगते दिखाई देते हैं। इंडिया गेट सी-हेक्सागान में रोजाना लगभग तीन लाख वाहन गुजरते हैं। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

# जेपी एसोसिएट्स के 9 हजार फ्लैट खरीदारों के लिए खुशखबरी

नई दिल्ली 7 जून (निस) जेपी एसोसिएट्स मामले में वर्षों से फंसे 13 सबलेसी (बिल्डर के आवंटी) अपने भूखंडों की रजिस्ट्री यमुना प्राधिकरण से करा सकेंगे। ऐसे में फ्लैट तैयार होने के बाद 9 हजार से अधिक खरीदारों के लिए भी रजिस्ट्री की राह आसान हो जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 10 मार्च को जेपी एसोसिएट्स को एसडीजेड के अंतर्गत 1000 हेक्टेयर भूमि का आवंटन रद्द कर दिया था। यह भूमि वर्ष 2009-10 में जेएएल की सहायक कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स को स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए विशेष विकास क्षेत्र (एसडीजेड) योजना के तहत आवंटित हुई थी। साथ ही, इस आदेश में कोर्ट ने बिल्डर के सबलेसी के अधिकारों को सुरक्षित रखा था, जिन्होंने बिल्डर से ग्रुप हाउसिंग और प्लॉट योजना चलाने के लिए जमीन खरीदी थी। यदि ये सबलीज रद्द हो जातीं तो इन डेवलपर्स की जमीन भी खतरे में पड़ जाती। कोर्ट ने यीडा को रजिस्ट्री के लिए हर सबलेसी को चार हफ्तों के भीतर नोटिस भेजने के आदेश दिए थे। साथ ही, सार्वजनिक सूचना जारी करने और 12 हफ्तों के अंदर रजिस्ट्री से जुड़े सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के आदेश थे। इसके बाद सबलेसी आठ हफ्तों के अंदर नए लीज समझौते पर साइन करेंगे। यीडा के मुताबिक 13 सबलेसी के भूखंडों की रजिस्ट्री के लिए पोर्टल शुरू किया है। जहां सबलेसी अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। सबलेसी को 21 जून तक प्राधिकरण के पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

# केन्द्र सरकार नक्सलियों के साथ मानवता की तरह पेश आए, लोकतंत्र में सबको जीने का अधिकार-कांग्रेस

हैदराबाद 7 जून (निस) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा हो जाएगा। हालांकि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड़ ने केंद्र सरकार से माओवादियों के साथ शांति वार्ता शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि माओवादी देश के अपने नागरिक हैं, जो गरीबों और सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं। लेकिन जब माओवादी शांति वार्ता का अनुरोध करते हैं, तो हमें इस पर विचार करना चाहिए क्योंकि जीवन को बचाया जाना चाहिए। नक्सलवाद असमानता का प्रोडक्ट था - देश के एक प्रतिशत अमीरों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत संपत्ति है और दलितों के पास केवल 3 प्रतिशत संपत्ति है। एक इंटरव्यू में तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, जीवन का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। जीवन के अधिकार पर अंकुश लगाने का अधिकार किसी को नहीं है। ऑपरेशन कगार के संबंध में क्या हो रहा है? कांग्रेस आतंकवाद का समर्थन नहीं करेगी, चाहे वह नक्सलियों की तरफ से हो या सरकार की तरफ से। कांग्रेस पार्टी का मूल सिद्धांत अहिंसा है। अब, मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वह शांति वार्ता के लिए आगे बढ़े, क्योंकि जो भी व्यक्ति आत्मसमर्पण करने, अपने हथियार डालने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए तैयार है, उसे ऐसा करने का अवसर दिया जाना चाहिए। सरकार शांति वार्ता करने में क्यों हिचकिचा रही है? उन्होंने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा, जंगलों के अंदर बहुत से नागरिक हैं, जंगलों के अंदर नागरिक आदिवासी हैं, माओवादियों को काबू करने के लिए हज़ारों सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। माओवादियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन को तत्काल रोककर उनके साथ शांति वार्ता शुरू की जाए और सीजफायर की घोषणा की जाए।

## पंजाब कांग्रेस में फिर बढ़ रहे मतभेद....

**पृष्ठ एक का शेष** ...अपने-अपने गुटों में बंटे हुए हैं। फिल्लौर हलका की बात करें तो विक्रमजीत चौधरी स्पष्ट रूप से वड़िंग-बाजवा गुट में हैं, जहां से चरणजीत सिंह चन्नी अपने विकल्प के तौर पर अपने बड़े बेटे नवजीत सिंह को जालंधर की राजनीति में स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा दलित नेता भोंसले, जो पहले से ही सक्रिय नेता माने जाते हैं, भी मैदान में मौजूद हैं। शाहकोट से विधायक और जिला कांग्रेस देहाती के प्रधान हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया की वफादारी बरसों से राणा गुरजीत के साथ हैं। जालंधर नॉर्थ हलका से विधायक बावा हेनरी परिवार का राणा गुरजीत के साथ पिछले लंबे समय से 36 का आंकड़ा चल रहा है।

कैंट हलका के विधायक परगट सिंह जो कि प्रदेश प्रधान बनने की लालसा पाले हुए है, के भी मौजूदा प्रदेश प्रधान राजा वड़िंग से स्पष्ट मतभेद हैं। करतारपुर हलका प्रभारी राजिंदर सिंह जोकि राजा वड़िंग के करीबी माने जाते हैं, वहीं चन्नी यहां पूर्व विधायक चौधरी सुरिंदर सिंह को बढ़ावा दे रहे हैं। सेंट्रल हलका प्रभारी और जिला कांग्रेस शहरी के प्रधान राजिंदर बेरी, हालांकि तटस्थ माने जाते हैं, लेकिन चन्नी द्वारा इस हलका में मनु वड़िंग को आगे लाने की कोशिशें उन्हें असहज कर रही हैं। आदमपुर हलका की बात करें तो विधायक सुखविंदर कोटली, जो पहले चन्नी के करीबी माने जाते थे, अब उनका झुकाव वड़िंग गुट की ओर हो रहा है।

**कांग्रेस ने कभी जनहित काम नहीं किए-सैनी**

बनाए संविधान का अपमान है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनावों के दौरान राहुल गांधी पवित्र संविधान की प्रति को हाथ में उठाकर घूमते नजर आए। उन्हें कोई बताए कि यह संविधान कोई प्रदर्शन की वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र का मूल स्तंभ है, यह पूजा के योग्य है। संविधान को हाथ में उठाकर लोगों को डराना या गुमराह करना गलत है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर बनी नई पहचान** - मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों को गुमराह किया कि यदि श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान खत्म हो जाएगा। जबकि सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान और अधिक सशक्त हुआ है। आज कोई भी इस संविधान की ओर उंगली उठाने की हिम्मत नहीं कर सकता।

## विदेशी हथियार ....

**पृष्ठ एक का शेष** ...साइकिल और बिना नंबर प्लेट वाला स्कूटर भी जब्त किया है, जिसका उपयोग वे खेप पहुंचाने के लिए कर रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अमृतसर के गांव मोड के जुगराज सिंह के निर्देश पर काम कर रहे थे, जो इस समय श्री गोइंदवाल साहिब की केंद्रीय जेल में बंद है। जुगराज सिंह अपने वकील के मुंशी राजन के माध्यम से जेल के अंदर से ही धड़ल्ले से तस्करी रैकेट चला रहा था। उन्होंने कहा कि सरगना जुगराज सिंह, जिसके खिलाफ एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियम के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जेल के अंदर से ही पाकिस्तानी नशा तस्करों के संपर्क में था।डीजीपी ने कहा कि ये हथियार सीमा पार तस्करी के जरिए लाए गए थे और पंजाब में विभिन्न आपराधिक तत्वों को इनकी आपूर्ति की जाने की संभावना थी। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में आगे और पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए, ए.एन. टी. एफ. के ए.डी.जी.पी. नीलाभ किशोर ने बताया कि बॉर्डर रेंज अमृतसर की टीम को उनके जेल में बंद हैंडलर जुगराज सिंह के निर्देश पर हथियार प्राप्त करने में उक्त तीनों आरोपियों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी।पुलिस अधीक्षक गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीमों ने एक खुफिया अभियान के तहत अमृतसर के खालसा कॉलेज के सामने से आरोपियों को गिरफ्तार किया

## बकरीद ईद को लेकर इमामों ने मुस्लिम समुदाय से की बड़ी अपील

नई दिल्ली 7 जून (निस) कुर्बानी के त्यौहार बकरीद की तैयारियां तेज है। बकरों की खरीद की जा रही है। इस बीच, इमामों ने मुस्लिम समाज से धार्मिक सौहार्द का ख्याल रखने की अपील की है। उनके अनुसार, कुर्बानी की प्रक्रिया घरों के भीतर तथा निर्धारित स्थानों पर किया जाए। खून और मांस खुले में न फेंका जाए। साथ ही कुर्बानी का वीडियो व फोटो इंटरनेट मीडिया पर साझा न की जाए। इसी तरह, प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न दी जाए। इस मामले में पुलिस व प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाए। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डा. उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि यह बकरे का ईद नहीं है, इसका नाम ईद-उल-अजहा है। यह त्यौहार समर्पण, अज्ञाकारिता और बलिदान का है। उन्होंने कहा कि भारत पंथनिरपेक्ष देश है। ऐसे में हमें सभी का सम्मान करना है। मुसलमानों से आग्रह है कि वह उसी जानवर की कुर्बानी करें, जिसकी इजाजत दी गई है। हर जगह जानवरों को नहीं काटा जा सकता है। निश्चित की गई जगहों पर जाकर ही कुर्बानी करें। इसी तरह, जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम शाबान बुखारी ने जारी अपील में कहा कि खुले स्थान या सड़कों पर कुर्बानी न दें। बल्कि घरों में या निर्धारित स्थानों पर करें। साथ ही कुर्बानी के बाद सफाई निश्चित करें। इसी तरह का संदेश अन्य इमामों ने भी दिया है।

# पुराना किला झील में नौकाविहार का लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक

नई दिल्ली 7 जून (निस) ऐतिहासिक पुराना किला में अगले महीने से बोटिंग के लिए ट्रायल होने वाला है। इससे करीब 9 साल के लंबे इंतजार के बाद पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। ऐसे में पुराना किला और राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में घूमने के लिए आने वाले पर्यटक नाव में सवार होकर आनंद ले सकेंगे। एक से दो महीने तक ट्रायल चलेगा। इस दौरान कोई खामियां पाई गई तो व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए नई रूपरेखा तैयार की जाएगी। पुराना किला झील में वर्ष 2016 से बोटिंग की सुविधा बंद है। तब झील संरक्षण के अभाव में सूख गई थी। फिर वर्ष 2019 में झील क्षेत्र को संवारा गया, लेकिन अब इस ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटकों को फिर से बोटिंग का आनंद लेने का मौका मिलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एसआई) की एडोप्ट हेरिटेज योजना के तहत एक फाउंडेशन ने गोद ले रखा है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना किला झील में करीब 10 बोट उतारी जाएंगी। साथ ही, भविष्य में 10 और नाव जोड़ने की योजना है। इस बार बोटिंग को और सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। ट्रायल अवधि के दौरान पर्यटकों की प्रतिक्रिया और तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद है कि यह पहल दिल्ली के पर्यटन मानचित्र पर पुराना किला को और भी प्रमुखता प्रदान करेगी। झील परिसर में अस्थायी तौर पर बांस के काउंटर तैयार किए जाएंगे। नौका को लेकर डिजाइन की प्रक्रिया चल रही है। पर्यटकों का कहना है कि यदि झील में नौका विहार की सुविधा शुरू होती है तो यह अच्छा रहेगा। इससे जो पर्यटक बच्चों व परिवार के साथ आते हैं, वह नौका विहार का लुत्फ उठा सकेंगे। इससे घूमने का मजा दोगुना हो जाएगा। पुराने किले की प्राचीर से सटी एक बड़ी झील है। इसमें फव्वारे भी लगाए गए हैं जो पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। इस झील में पहले नौका विहार की भी सुविधा थी।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस से कोई जेल नहीं जाएगा विपक्षी दल तीसरे मोर्चे के बारे में सोचें

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) की सीनियर नेता आतिशी ने कहा है कि गैर-कांग्रेसी और गैर-भाजपाई दलों को अब तीसरे मोर्चे के बारे में सोचना चाहिए। आतिशी ने इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका पर निराशा जताते हुए उस पर भाजपा के साथ अघोषित गठबंधन में होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के जेल नहीं जाने पर भी सवाल उठाए हैं। आतिशी ने नेशनल हेराल्ड और डीएलएफ जमीन घोटाले जैसे मामलों का जिक्रकर कांग्रेस को घेर लिया है। दिल्ली की पूर्व सीएम ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कहा कि गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेता किसी न किसी तरह के उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं है। आतिशी ने एक पैटर्न की ओर इशारा करते हुए पूछा उनके (कांग्रेस के) नेता जेल क्यों नहीं जाते आतिशी वर्तमान में दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता हैं। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही हैं जब विपक्षी दल भारत में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे एक दिन पहले आप दिल्ली में इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों की बैठक में भी शामिल नहीं हुई थी। बैठक में ये दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक संयुक्त पत्र पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में मिले थे, जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद के घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई थी। हालांकि, आप ने प्रधानमंत्री को अलग से पत्र भेजकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

## दिल्ली सरकार 22 बड़े नालों का कराएगी सर्वे नक्शा बनाकर होगा यह काम

नई दिल्ली 7 जून (निस) यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार हर उस नाले का सर्वे कराने जा रही है, जो सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ा है। इन नालों से बहने वाले बगैर शोधित गंदे पानी को यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार हर उस नाले का सर्वे कराने जा रही है, जो सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ा है। इन नालों से बहने वाले बगैर शोधित गंदे पानी को यमुना में जाने से रोका जाएगा। 22 बड़े नालों में ऐसे रिसाव (सीधे यमुना में जाने वाले गंदे पानी) को रोकने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अनुसार, बगैर सीवेज नेटवर्क से जुड़े नालों की मैपिंग के लिए सर्वे करने के लिए एक विशेषज्ञ एजेंसी का चयन किया जाएगा। वह ऐसे नालों की नक्शा तैयार करेगी जिसका गंदा पानी यमुना में गिर रहा है। सर्वे को सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उसके बाद इंजीनियरों द्वारा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। सरकार दिसंबर 2025 तक इन परियोजनाओं को अमल में लाने की तैयारी में है।

अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर भीषण कार हादसा खाटू श्याम से लौट रहे 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली 7 जून (निस) राजस्थान में दिल्ली-जयपुर हाईवे-48 पर तड़के करीब 3 बजे नीमराणा थाने के सामने तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक बेकाबू कार हाईवे पर खड़े ट्रेलर से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार बने लोग खाटू श्याम के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नीमराणा थाना पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। हेड कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि नीमराणा थाने के सामने एक्सीडेंट हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो एक कार ने ट्रेलर में पीछे से मारुति गाड़ी ने टक्कर मार दी थी। हादसे के वक्त गाड़ी में चार लोग सवार थे, जिनमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन कर खांडसा गुरुग्राम लौट रहे थे। कार सवार लोगों की पहचान वीरेंद्र कुमार पुत्र ज्ञानसिंह शर्मा उम्र 60 साल, निवासी खांडसा सेक्टर 37 गुरुग्राम, सतीश गौड़ पुत्र सुरेंद्र शर्मा उम्र 40 साल, निवासी खांडसा गुरुग्राम, अंकुश कुमार पुत्र सुरेश कुमार उम्र 37 साल, निवासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और गुरमीत सिंह पुत्र करतार सिंह खेरा निवासी अम्बाला हरियाणा के रूप में हुई है।

# आयुष्मान योजना के दायरे से बाहर हैं दिल्ली के बड़े अस्पताल

नई दिल्ली 7 जून (निस) दिल्ली में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू हुए दो माह का समय पूरा हो गया। लेकिन अभी तक इस योजना के दायरे में दिल्ली के बड़े अस्पताल शामिल नहीं हुए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में करीब 60 अस्पताल इस योजना के तहत सुविधा दे रहे हैं। इनमें ज्यादातर छोटे व मध्यम स्तर के अस्पताल या नर्सिंग होम शामिल हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, राजधानी में एक हजार से अधिक निजी अस्पताल व नर्सिंग होम पंजीकृत हैं। इसमें से अधिकतर अस्पताल व नर्सिंग होम योजना में शामिल होने से बच रहे हैं। निजी अस्पतालों का दावा है कि योजना के तहत इलाज के बदले किए जा रहे भुगतान का शुल्क काफी कम है। इसके अलावा शुल्क का भुगतान लंबे समय तक नहीं हो पा रहा। समय पर भुगतान न होना और पर्याप्त खर्च न देना इस योजना के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। इस योजना के तहत सर्जरी सहित अन्य के लिए जो शुल्क तय किया गया है। उससे मध्यम स्तर के अस्पताल का खर्च नहीं निकल पाता। ऐसे में कोई भी अस्पताल नुकसान के साथ योजना में शामिल होने के पक्ष में नहीं है। हालांकि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह का दावा है कि इस योजना के तहत दिल्ली के फाइव स्टार अस्पतालों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। नेशनल मेडिकल फोरम और दिल्ली अस्पताल फोरम के अध्यक्ष डॉ. प्रेम अग्रवाल का कहना है कि यह योजना काफी अच्छी है, लेकिन इसके शुल्क और भुगतान को लेकर सरकार को विचार करना चाहिए। निजी अस्पताल इस योजना में शामिल होने के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार को निजी अस्पताल का सहयोग करना चाहिए। नियमों में सुधार करना चाहिए। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र ने नियमों का बंधन लगाकर दिल्ली के निजी अस्पतालों से आठ हजार बिस्तर घटा दिए गए हैं। जबकि योजना को प्रभावी बनाने के लिए बिस्तर बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली की जनसंख्या को देखते हुए निजी और सरकारी अस्पतालों में एक लाख बिस्तर की जरूरत है।

# चाहे कितनी भी तेज बारिश हो, पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनें नहीं होंगी लेट

मुंबई, 7 जून (निस) मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन हर साल मानसून के दौरान ब्रेक ले लेती है। मानसून के दौरान लोकल ट्रेनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण कई बार नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही बारिश के दौरान रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने से उन्हें ट्रेन में ही फंसना पड़ता है। मगर इन परेशानियों से बचने के लिए पश्चिम रेलवे ने विशेष एहतियात बरती है। इस साल मानसून के दौरान रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने, पेड़ गिरने और इसके कारण लोकल ट्रेन की गति धीमी होने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए रेलवे ने तकनीकी, भौतिक और प्रशासनिक तीनों स्तरों पर व्यापक उपाय किए हैं। इसके साथ ही मुंबई सेंट्रल डिवीजन की ओर से एक विशेष मानसून एहतियात पुस्तिका भी तैयार की गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के मुताबिक रेलवे की कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर कई काम किए गए हैं। इसके अलावा, 3 किमी नए सीवर और कई मैनहोल का निर्माण किया गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में 104 उच्च क्षमता वाले पंप लगाए गए हैं।

